

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 361 | ग्वालियर शनिवार 13 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## महाकाल की शरण में सिंधिया

## साफ -सफाई की कमी देख हुये नाराज

**उज्जैन।** राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया महाकाल मंदिर की गंदगी देख भड़क कर कहा, मंदिर के साथ मेरी पुश्तैनी भावना जुड़ी हुई है। मेरे पूर्वजों द्वारा मंदिर के अंदर जो चांदी लगी है, वहां सफाई की सख्त जरूरत है। काले पत्थर का भी निखार जाना चाहिए। गौरतलब है कि सिंधिया शुक्रवार को उज्जैन पहुंचे थे। वे यहां भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने वाले है। सांसद ने कहा कि इसके लिए योजना बनेगी। सब संबंधितों को योजना में सम्मिलित किया जाएगा।हम जल्द ही मंदिर को भव्य रूप धारण करवाना चाहते हैं। मैंने केंद्र से 75 करोड़ की राशि की मांग की थी जो स्वीकृत हुई है। मैं इसके लिए केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं। बता दें, महाकाल मंदिर में भक्त फिर से भस्म और शयन आरती में शामिल हो सकते है। मंदिर समिति की हाल ही में हुई बैठक में फैसला लिया गया। लेकिन भक्तों को थोड़ा सा और इंतज़ार करना होगा। आरती में प्रवेश की इजाज़त शिवरात्रि के बाद से मिलेगी। कोरोना संक्रमण के कारण पिछले साल मार्च से मंदिर की भस्म आरती में श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद था। उज्जैन भी कोरोना संक्रमण के मामले में काफी आगे था। इसलिए एहतियात के तौर पर मार्च से मंदिर के पट बंद थे। बाद में पट आम श्रद्धालुओं के लिए खुले, लेकिन भस्म और शयन आरती में प्रवेश की इजाज़त उन्हें नहीं थी। मंदिर समिति की बैठक में और भी कई फैसले हुए। अब महाकाल मंदिर में फॉरेन करेंसी अकाउंट खोला जाएगा इसमें विदेश से आने वाला दान श्रद्धालु जमा कर सकते हैं। अब मंदिर में आने वाले श्रद्धालु सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक बाबा के दर्शन कर सकते है। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग बाबा महाकालेश्वर की अल सुबह होने वाली भस्म आरती में श्रद्धालुओ के दर्शन की व्यवस्था लॉक डाउन के समय से बंद है। मंदिर में फिलहाल केवल परंपरा का निर्वहन पुजारी ही कर रहे हैं। भस्म आरती में श्रद्धलुओं के दर्शन पर पूर्णत: प्रतिबंध है।

### उज्जैन में बीजेपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम प्रारंभ

## सीएम शिवराज ने ली विधायकों की क्लास, दिये अच्छे नेता बनने के टिप्स

**उज्जैन।** उज्जैन में चल रहे बीजेपी के प्रशिक्षण वर्ग में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायकों को अच्छे नेता बनने के टिप्स दिये.उन्होंने कहा उस जनता और कार्यकर्ता के सम्मान में कहीं कमी न आने दें जिसने आपको नेता चुना है. पार्टी के तीन मंत्र राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सुशासन को कभी न भूलें. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायकों से कहा कि आप गहराई के साथ प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति का अध्ययन कीजिए.अपने विचार-परिवार को समझिए और इस बात पर चिंतन कीजिए कि समाज ने आपको जनप्रतिनिधि चुना है, तो आपके सामाजिक दायित्व क्या हैं. हमें इस बात पर गर्व है कि हम उस दल के विधायक हैं,जिसकी प्रेरणा राष्ट्रवाद है.लक्ष्य अंत्योदय है और मंत्र सुशासन है. हम सभी को मिलकर एक गौरवशाली, वैभवशाली,



समृद्धशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण करना है. सीएम चौहान ने कहा भाजपा का कार्यकर्ता बड़े लक्ष्य के लिए बना है.इसलिए विधायकों को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जो कार्यकर्ता विचार के लिए लड़ता है और आपको विधायक बनाने के लिए संघर्ष करता है, उसके प्रति स्नेह और सम्मान में कोई कमी न आये.मुख्यमंत्री ने अपने भाषण के दौरान अटल जी द्वारा करवाए गए परमाणु परीक्षण और चीन सीमा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहस और सूझबूझ का उल्लेख करते हुए कहा आज दुनिया भाजपा के सुशासन के कारण भारत के पराक्रम का लोहा मान रही है. धारा-370, राम मंदिर, सीएए और तीन तलाक जैसे अविश्वसनीय लगने वाले काम पूरे हो चुके हैं. कोरोना काल में हमारे नेतृत्व की क्षमताओं का लोहा दुनिया मान रही है. सीएम शिवराज ने पार्टी के आधार नेतृत्व को नमन करते हुए कहा हम उनके मार्ग पर मिशन की भांति चल रहे हैं और अपने देश को स्वावलंबी बनाने में जुटे हैं.

### बोले गुलाम नबी आजाद

## जिस दिन कश्मीर में गिरेगी काली बर्फ, थाम लूंगा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो गया है। उनकी सदस्यता के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2005 की एक घटना को याद किया, जिसके बाद दोनों नेताओं की आंखें नम हो गईं। प्रधानमंत्री ने जिस भावुकता के साथ आजाद के राज्यसभा कार्यकाल और बतौर मुख्यमंत्री उनके काम को याद किया उससे राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार गरम हो गया। ऐसे कयास लगाए जाने लगे कि गुलाम नबी आजाद भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं। दरअसल गुलाम नबी आजाद को इस बार कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा नहीं भेजा है। इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी में बदलाव और चुनाव के जरिये राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की पैरवी करने वाले धड़े में आजाद भी शामिल हैं। इससे इस बात को बल मिला कि आजाद कांग्रेस से आजाद होकर किसी और दल में जा सकते हैं। हालांकि इन कयासों पर उस समय विराम लग गया जब खुद गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जिस दिन कश्मीर में काली बर्फ गिरेगी, उस दिन वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। आजाद ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने



संबंधों से लेकर भाजपा का हाथ थामने तक कई मुद्दों पर खुलकर बात की। जब गुलाम नबी आजाद से भाजपा में शामिल होने को लेकर पूछा गया, इस पर उन्होंने कहा कि जिस दिन कश्मीर में काली बर्फ गिरेगी, उस दिन मैं भाजपा का दामन थाम लूंगा। भाजपा ही क्यों उस दिन मैं किसी भी दूसरी पार्टी में शामिल हो जाऊंगा। गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने रिश्तों को लेकर कहा कि हम दोनों एक-दूसरे को 90 के दशक से जानते हैं। हम दोनों महासचिव थे और हम विभिन्न विचारों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीवी डिबेट में शामिल होते थे। हम डिबेट के दौरान एक-दूसरे से जमकर लड़ते थे, लेकिन जिस दिन हम लोग जल्दी पहुंच जाते थे, उस दिन एक साथ बैठकर चाय पीते थे और आपस में लंबी बातें किया करते थे।

## राहुल ने साधा मोदी सरकार पर निशाना चीन को सौंप दिया बड़ा भारतीय भू-भाग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत-चीन सीमा पर डिसइंगेजमेंट को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि पैंगोंग झील इलाके में हमारे सैनिक फिंगर 3 पर तैनात रहेंगे, जबकि हमारा इलाका फिंगर 4 है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि हमने अपना इलाका चीनियों को क्यों सौंप दिया है।



कांग्रेस नेता ने कहा कि कल रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में हालात पर एक बयान दिया। अब, हमें पता चलता है कि हमारे सैनिक फिंगर 3 पर तैनात रहेंगे। फिंगर 4 हमारा इलाका है। अब, हम फिंगर 4 से फिंगर 3 पर आ गए हैं। मिस्टर मोदी ने हमारा इलाका चीनियों को क्यों दे दिया है राहुल ने कहा हिंदुस्तान की सरकार की नेगोशिएटिंग पोजिशन थी कि अप्रैल 2020 में जो हालात थे, वही बहाल हो। उसको केंद्र सरकार भूल गई है। चीन के सामने नरेंद्र मोदी ने अपना सिर झुका दिया। माथा टेक दिया।

## आजाद के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे राज्यसभा में विपक्ष के नेता

**नई दिल्ली।** गुलाम नबी आजाद की विदाई के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता होंगे। कांग्रेस ने विपक्ष के नेता के तौर पर उनका नाम दिया है। इससे पहले सदन में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि रेल दुर्घटना के कारण लगभग 22 महीनों से किसी यात्री की मौत नहीं हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को राज्यसभा में बजट चर्चा पर जवाब देंगी। वित्तमंत्री सीतारमण इस दौरान बजट को लेकर विपक्ष के सवालों के जवाब देंगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को लोकसभा में वित्तवर्ष 2021-



22 का बजट पेश किया था। आमतौर पर वित्तमंत्री पहले लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देती हैं और उसके बाद राज्यसभा में, लेकिन इस बार केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों पर विपक्ष के गतिरोध के कारण लोकसभा में चर्चा की शुरुआत राज्यसभा के बाद हुई। शनिवार यानी 13 फरवरी को राज्यसभा की बैठक नहीं होगी। राज्यसभा सचिवालय के एक आधिकारिक आदेश में इसकी जानकारी दी गई। बजट सत्र 29 जनवरी को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा संसद के दो सदनों के संयुक्त बैठक के संबोधन के साथ शुरू हुआ। सत्र का पहला चरण 15 फरवरी तक चलने वाला था। हालांकि, बाद में इसे 13 फरवरी तक कर दिया गया। सत्र का दूसरा चरण 8 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति को सदन में विपक्ष के नेता के रूप में मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सौंपा है। वह गुलाम नबी आजाद की जगह लेंगे। राज्यसभा में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि रेल दुर्घटना के कारण अंतिम यात्री की मृत्यु 22 मार्च 2019 को हुई थी। लगभग 22 महीनों के दौरान, रेल दुर्घटना के कारण एक भी यात्री की मृत्यु नहीं हुई है।

## फेंक न्यूज के मामले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र और ट्विटर इंडिया से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झूठी खबरों के जरिए नफरत फैलाने वाले विज्ञापनों एवं सामग्रियों और फर्जी खातों के जरिए भेज जाने वाले भड़काऊ संदेशों के नियमन के लिए तंत्र बनाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र और ट्विटर इंडिया से शुक्रवार को जवाब मांगा। चीफ जस्टिस एस ए बोबडे, जस्टिस ए



एस बोपन्ना एवं जस्टिस वी रामसुब्रमण्यन ने विनीत गोयनका की याचिका पर केंद्र एवं 'ट्विटर कम्युनिकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड% को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि जानी मानी हस्तियों के नाम पर सैकड़ों फर्जी ट्विटर खाते और फेसबुक खाते हैं। गोयनका की ओर से पेश हुए वकील अश्विनी दुबे ने कहा कि सोशल नेटवर्किंग साइट पर नफरत फैलाने वाली सामग्री के नियमन के लिए तंत्र स्थापित किए जाने की खातिर निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि वह मामले में नोटिस जारी कर रही है और अन्य लंबित मामलों के साथ इस याचिका को संलग्न कर रही है।

## बिहार केवल कंज्यूमर राज्य या गोडाउन नहीं टेक्सटाइल्स उद्योग का बनेगा हब

**पटना।** बिहार में टेक्सटाइल्स उद्योग की असीम संभावनाएं हैं। कोरोना काल में लौटे श्रमिकों में 70 फीसदी टेक्सटाइल्स क्षेत्र से ही हैं। अभी बांग्लादेश का इस क्षेत्र में दबदबा है। अगर उसे कोई चुनौती दे सकता है तो वह भारत है और उसमें भी बिहार। केंद्र में कपड़ा मंत्री रहा हूं। अपने अनुभवों और सम्पर्कों के बल पर कोशिश करूंगा कि बिहार टेक्सटाइल्स उद्योग का हब बने। राज्य के उद्योग विभाग का कार्यभार संभालने वाले मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार में सबसे बड़ा जमींदार उद्योग विभाग है। इसके पास ढाई हजार एकड़ जमीन है। देश के कई राज्यों की तुलना में अधिक बिजली बिहार में उपलब्ध है। सड़क के मामले में बिहार की स्थिति बेहतर है। पानी की कमी नहीं है। यानी, उद्योग लगाने के लिए जो भी चाहिए, बिहार में उपलब्ध है। एक-दो घटनाओं से राज्य की ऐसी छवि बनाई जाती है कि सबसे अधिक अपराध बिहार में ही हो रहा है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# स्वास्थ्य केंद्र कई वर्षों से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हालात में



**रानी पाली नेनाराम सिरवी/**

जिले के मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिंगोला के मुख्य चौराहे पर उप स्वास्थ्य केंद्र कई वर्षों से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हालात में पड़ा/उप स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त हालात की स्थिति को देखकर यहां पर तैनात एएनएम भटकते भटकते जनता का प्राथमिक उपचार करना पड़ रहा है/यहां पर स्थाई उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा/उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिंगोला के मुख्य चौराहे पर कई वर्षों से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त स्थिति उप स्वास्थ्य केंद्र पड़ा हुआ है लेकिन अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि के अलावा विभागीय अधिकारियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र की ओर नहीं देखा/यहां पर उप स्वास्थ्य केंद्र स्थाई रूप से नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भयंकर खतरनाक प्रकोप की बीमारी का डर सता रहा है लेकिन अभी तक यहां पर उप स्वास्थ्य केंद्र स्थाई रूप से नहीं होने के कारण ग्रामीण भारी चिंतित नजर आ रहे हैं/पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भांगेसर उप स्वास्थ्य केंद्र कई वर्षों से क्षति ग्रस्त हालात को देखकर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य विजय जोशी द्वारा चिकित्सा मंत्री डॉ रघु शर्मा से मुलाकात करके अपने क्षेत्र के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र क्रमोन्नत करने को लेकर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मय भवन निर्माण को लेकर लिखित पत्र दिया गया/इस प्रकार चिकित्सा क्षेत्र के अंतर्गत सरकार की ओर से उप स्वास्थ्य केंद्र की ओर ध्यान नजरअंदाज किया जा रहा है

# युवाओं को मिली समाज में नई जिम्मेदारी

## गहोई समाज की नवयुवक मंडल कार्यकारिणी का शपथ समारोह सम्पन्न

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**



गुरुवार को दबोह नगर में स्थित गहोई भवन धर्मशाला में गहोई समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमे बीते रोज गठित हुई नवयुबक मण्डल की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ।जिसमे युवाओ के साथ साथ समाज के वरिष्ठ व बायोवृद्ध व्यक्तिगण मौजूद रहे।जिसमें मौजूदा वरिष्ठ लोगों के द्वारा समाज को किस तरह आगे बढ़ाया जाए और पदोन्नति की ओर ले जाया जाए उस पर चर्चा की गई।इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से गहोई समाज के अध्यक्ष बलराम बिजपुरिया मौजूद रहे।समाज के अध्यक्ष बलराम विजपुरिया ने मौजूदा वरिष्ठ व युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि युवा समाज की एक अहम भूमिका तय करते हैं जब तक युवा समाज के लिए नहीं सोचेंगे तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता है।इसलिए समाज को आगे बढ़ाने के लिए बीते रोज युवाओ के हाथ मे समाज की कमान सौंप नवयुबक मण्डल की कार्यकारिणी का गठन किया गया था।जिसमें नवयुवक मंडल अध्यक्ष का सर्व समिति से प्रसताव पारित कर सोनू आदित्य सेठ को बनाया गया।इसी क्रम में उपाध्यक्ष आलोक कुचिया,शांतनु पिपरसेनिया,देव गुप्ता,संगठन मंत्री सानू सेठ,महामंत्री राजा सर्राफ,रामू लहरिया,अंशु लहरिया,कोषाध्यक्ष अखिलेश पिपरसेनिया,सह कोषाध्यक्ष अंकित महातेले व प्रवक्ता मीडिया प्रभारी पत्रकार चिराग बरसैयां(गोलू)को बनाया गया तो वहीं नीरज महातेले,राजुल लहारिया,रानू कुचिया,वासुदेव कोठारी,रोहित कठ्ठिल,रवि सेठ,चंद्रमोहन बिलैया,श्यामू सेठ,कृष्ण कुमार कुरेले टिंकू,रामू कुरेले आदि को सदस्य बनाया गया।नवयुवक मंडल में अध्यक्ष बनाए जाने पर सानू आदित्य गुप्ता का सभी युवाओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही सभी नवयुबक मण्डल में चयनित पदाधिकारियो का भी स्वागत युवाओ के द्वारा किया गया।तो वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष सानू गुप्ता ने युवाओं को भरोसा दिलाया कि वह समिति के पदाधिकारियों व युवाओं का मनोबल कभी नहीं गिरने देंगे।इस दौरान बैठक में गहोई समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण व बायोवृद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।सम्पूर्ण जानकारी नवयुबक मण्डल के मीडिया प्रभारी चिराग बरसैयां के द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# बीपीएल राशन कार्ड होने के बावजूद भी नहीं मिल रहा है हितग्राही को खाद्यान

**रिपोर्टर-ठाकुर दास लोधी**



पिछोर- उमरी कला के फूल सिंह जाटव द्वारा बताया गया कि मेरा बीपीएल का राशन कार्ड 2 साल पहले बन चुका था लेकिन आज दिनांक तक मेरी पात्रता पर्ची नहीं मिली है और ना ही मुझे खाद्यान्न प्राप्त हुआ है मैंने कई बार अधिकारियों से आग्रह किया इसके बावजूद भी मेरी पात्रता पर्ची नहीं आई है आज फूल सिंह जाटब यहां पर एसडीएम कार्यालय में आवेदन देने एवं एसडीएम से आग्रह करने आए थे जहां पर उन्होंने अपनी मुंह जवानी बयान की पात्रता पर्ची मे 6,7 सदस्य है इसके बावजूद भी मुझे राशन प्राप्त नहीं हो रहा है ऐसी स्थिति में पात्र होते हुई भी मुझे बीपीए कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन्होंने बताया कि मैंने कई बार पंचायत सचिव से आग्रह किया तब पंचायत सचिव जी द्वारा बताया गया कि मैंने आपका नाम खाद्यान्न प्रभारी के कार्यालय में भेज दिया है आपका खाद्यान्न अगले महीने से आपको प्राप्त होने लगेगा।

# बहुजन समाज पार्टी की हुयी बैठक सम्पन्न



**मऊरानीपुर (झाँसी)** बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक सम्पन्न हुयी। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष आशीष कुमार ने की। बैठक में अध्यक्षता कर रहे आशीष कुमार ने कहा कि अहिरवार समाज को कुछ भाजपा के एजेण्ट गुमराह कर रहे है। और बैठकें कर रहे है। जिन्हें नगर व क्षेत्र की जनता ने नकार दिया। अहिरवार समाज को गुमराह नही किया जाये। और न ही अहिरवार समाज को गुमराह होना है। हमारी पहचान बहिन मायावती जी व बसपा से है। आर. के. अहिरवार ने कहा कि कि नगर पालिका चुनाव में नगर की जनता ने ऐसे नेताओं को सबक देने का काम किया है। जो दूसरों की जेब में रहकर उनके इसारे पर राजनीति करते है। मु. साबिर खान ने कहा कि अहिरवार समाज बसपा की रीड है। जिन्हें बसपा से पहचान मिली है। वही लोग दूसरों के लिये पंचायत चुनाव में समाज के वोटों का सौदा करते है। ऐसे लोगों से सावधान रहे। बृजबिहारी राज ने कहा कि हमारी समाज के ऐसे नेता है जो बीजेपी नेताओं के साथ होडिंग्स बेनर लगाते है। जो अहिरवार समाज व पूरे दलितों को गंदी नाली का कीडा कहते है। ऐसे लोग क्षेत्र में वोट माँगने जाये उन्हें सबक सिखाने का काम करे। विजय कंचन ने कहा कि जिनके पास कोई व्यापार धन्धा नही है। दिन में चार जोडी कपडा बदलते है। उनसे पूछो की किसी की जेब में रहकर दलितों का भला नही हो सकता। कमलेश सोनकर ने कहा कि जिनकी समाज का एक भी वोट नही है। वही लोग समाज के कुछ दलाल किस्म के लोगों को खरीदकर चुनाव जीत जाते है। वह लोग राजनैतिक ठेकेदार है। उनसे समाज का भला नही होना है।

# देवाराम देवड़ा ने अहसहाय जरूरतमंद परिवारों के लिए एक लाख इग्यारा हजार रुपये का आर्थिक सहयोग दिया

**प्रेस नारायणलाल सैणचा**



चैन्नई-समाज के दृढ़ निष्ठावान कर्मठ कार्यकर्ता समिति गौरव प्रधान सेवक हमारे आदरणीय देवाराम सुपुत्र शेषाराम देवड़ा मारवाड़ में बेरा मातावा,गाँव मुसालिया वर्तमान में साऊकारपेट चेन्नई आपने अपने परिश्रम से अर्जित धन में से एक महत्वपूर्ण हिस्सा अपने सीरवी समाज के निर्धन असहाय अतिजरुरतमंद लोगों की सहायतार्थ सहयोग कर अपनी कृतज्ञता निभाने के लिए धन्यवाद। आपने श्री आईजी सेवा समिति को सहर्ष अपनी स्वेच्छा से 111111/-रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया,इसके लिए श्री आईजी सेवा समिति परिवार आपका स्वागत करता है,, वंदन करता है अभिनंदन करता है हम गर्वित हैं जब अपनी समाज के भामाशाह बड़े ही उदार मन से समाजहित में अपना सर्वोत्तम योगदान करते है।परमार्थ की ऐसी ही विराट सोच समाज को नव प्रगति की ओर अग्रसर करेगी समाज के ऐसे हर समाजी को समिति परिवार कोटिशः चरण वन्दन करता है जिनके मन में समाजहित के लिए बड़ी सोच है और समाजहित में अर्पण व त्याग की भावना है और उसी अनुरूप वे समाजहित में अपना सर्वोत्तम योगदान कर रहे हैं और ईमानदारी से अपना सर्वश्रेष्ठ कर्तव्यकर्म कर रहे है समिति परिवार दिल से कोटिश साधुवाद प्रेषित करता है कि आप इस परमार्थ कार्य को सदा चलायमान रखे हम सब ऐसी ही विराट सोच और विशाल सहृदयता से कार्य करेंगे तभी समाज का नव उत्थान होगा आप सहृदयवान भामाशाहा को दिल से साधुवाद सा समिति ने समाज के गरीब लोगों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए अच्छी खासी राशि उपलब्ध करा रहे हैं कहीं बच्चों एवं परिजनों ने सहायता हेतु तह दिल से आभार प्रकट ये जानकारी सीरवी नाथूराम कांग चैन्नई द्वारा दी गई

# गौ माता की सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं

**रानी पाली नेनाराम सिरवी/**



*राजस्थान पाली जिले की मरुधरा धन्य धरा रुपावास.गिराडडा. धामली. रामपुरा/गौ भक्तों द्वारा कोविड-19 कोराना कहर के चलते मानव जीवन को सुरक्षित रखने के साथ-साथ बेजुबान गौ माता की रक्षा करने का लिया संकल्प/पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वडेर वास के राजस्व गांव रामपुरा के समस्त ग्रामीण एवं वरिष्ठ भामाशाह के सहयोग के माध्यम से कोविड-19 की खतरनाक महामारी के चलते ग्राम वासियों द्वारा गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प और प्रभु प्रेमी गौशाला की नीव रखकर गौ माता के लिए मुख्य सहारा के लिए गौशाला खोली गई/वडेरावास ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सीरवी के अथक प्रयास के माध्यम से अपने रामपुरा गांव में गौ माता की सेवा करने के लिए समस्त ग्राम वासियों से अपील करके प्रभु प्रेमी गौशाला का संचालन किया गया/जिसमें समस्त ग्राम वासियों का महत्व पूर्ण सहयोग रहा/रुपावास ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश बंजारा अपने सरपंच कार्यकाल के प्रथम दौर में अपने द्वारा लिया गया संकल्प को पूरा किया/श्री द्वारकाधीश गौशाला की नींव रख कर गौशाला का संचालन वरिष्ठ भामाशाह एवं समाज सेवा के माध्यम से किया गया/रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा अपने सरपंच कार्यकाल के प्रथम वर्ष के प्रथम महा के दौरान कोविड-19 की भयंकर महामारी के चलते मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए साथ-साथ गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प और श्री द्वारकाधीश गौशाला में गौ माता की सेवा करने के लिए वरिष्ठ समाजसेवी भामाशाह के सहयोग के माध्यम से चारदीवारी निर्माण कार्य भी करवाया गया/गिराडडा मुख्य रोड पर श्री चारभुजा गौशाला के मुख्य संचालक मंडल सदस्य भीखाराम देवासी के अथक प्रयास के माध्यम से गौशाला का संचालन करवाया जिसमें जैन समाज के अलावा कई वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा गौशाला का संचालन सुचारू रूप से शुरू किया गया/पाली पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत वडेर वास रुपावास.गिराडडा. तीनों गौशाला मैं गौ भक्तों द्वारा लिया गया संकल्प के आधार पर गौशाला का संचालन करवाया गया/ मारवाड़ जंक्शन पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत।धामली. मां हिंगलाज मंदिर स्थित महंत श्री श्री योगी भोलेनाथ जी महाराज की असीम कृपा के माध्यम से मां हिंगलाज गौशाला की नींव रखी जिसमें सीरवी समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों के अलावा अन्य कई समाजसेवियों का योगदान रहा और गौशाला का काम शुरू कराया गया/गौ भक्तों द्वारा गौशाला में प्रतिदिन हरी घास सब्जियां के अलावा अन्य पौष्टिक आहार गौ माता को दिया जा रहा है/रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा वडेर वास सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सीरवी अपने सरपंच चुनाव को लेकर हृदय पूर्वक श्रद्धा के अनुसार जीत का श्रेय लेकर गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प और उसके आधार पर पंचायत राज संस्थाओं के प्रथम चरण के चुनाव में जीत मिली/जीत मिलने के बाद गौ भक्तों के वरिष्ठ लाल द्वारा समाज सेवी एवं भामाशाह से गौशाला की नींव रखने की की अपील और उनकी अपील को स्वीकार करके गौशाला का संचालन करवाया गया/भीकाराम देवासी अपने जीवन को सफल बनाने के लिए आज से 5 वर्ष पूर्व गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प। जिसके आधार पर श्री चारभुजा गौशाला की नींव रखी।जिसमें वर्तमान समय में श्री चारभुजा गौशाला में जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों के अलावा अन्य समाजसेवियों द्वारा अलग-अलग जगह पर निर्माण कार्य करवाया गया*

# किसानों के समर्थन में निकली समाजवादी साईकिल रैली



**मऊरानीपुर (झाँसी)।** विधानसभा गरौठा के अन्तर्गत एरच में किसानों के समर्थन में समाजवादी साईकिल सन्देश रैली निकाली गयी। जिसमें समाजवादियों ने किसानों के लिये रैली के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिससे किसानों के हित में कार्य हो सके। कारण कि किसान दर- दर की ठोकरे खाते हुये जोरदार परेशानी का सामना कर रहा है। इस मौके पर साईकिल रैली में राकेश श्रीवास जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी झाँसी, चाँद राईन जिला महासचिव अल्पसंख्यक सभा, दीपक यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मोनू चौधरी, सनी सेठ, जावेद मंसूरी, कलीम खान , राजा यादव, धीरज साहू, राज खान, अमन राईन, संदीप भदौरिया अजय केवट आदि लोग शामिल रहे।

## समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी हुये नामित

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** समाजवादी लोहिया वाहिनी झाँसी द्वारा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी महेश कश्यप एवं जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी राकेश श्रीवास के नेतृत्व में पदाधिकारियों को नामित किया गया। जिसमें संदीप भदौरिया को ब्लॉक अध्यक्ष बामौर, अजय केवट को नगर अध्यक्ष एरच, राज खान को ब्लॉक अध्यक्ष गुरसरांय एवं अमन राईन को विधानसभा सचिव गरौठा के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही उनका माला पहनाकर जोरदार सम्मान किया गया ।

# नोजोटो पर पंजाबी सिंगर सुखबीर सिंह हुए लाइव,8000 टिकट हुई बुक

**भोपाल(अर्पित गुप्ता)**



आज से लगभग 07 महीने पहले नोजोटो ऐप्प द्वारा कलाकारों को आर्थिक तौर पर मजबूत और सक्षम बनाने के उद्देश्य से शुरू किये आर्टिस्ट मॉनेटाइज़शन प्रोग्राम के जरिये नोजोटो ऐप्प ने गत शुक्रवार की शाम एक और कीर्तिमान रच दिया।मौका था स्वदेशी नोजोटो ऐप्प पर बॉलीवुड और देश दुनिया में भंगड़ा प्रिंस के नाम से मशहूर पंजाबी सिंगर सुखबीर सिंह के लाइव इंटरव्यू शो का जिसने आज तक भारत में हुए सभी ऑनलाइन लाइव शोज की लिस्ट अपना नाम सबसे ऊपर दर्ज करा दिया।हम आपको बता दे की नोजोटो ऐप्प पर सुखबीर जी के इस लाइव शो की लगभग 8000 से टिकट्स बुक हुई थी।अपने इस लाइव इंटरव्यू सेशन में सुखबीर जी ने ना केवल अपनी जिंदगी से जुड़े तमाम मजेदार यादगार किस्से साझा किये,साथ ही साथ वहां मौजूद हजारों कलाकारों के सवालों का जवाब दिया और उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की टिप्स भी दी।सिंगर सुखबीर जी ने सभी उभरते कलाकारों जैसे की स्टोरीटेलर्स, लिरिसिस्ट, रैपर्स, संगीतकारों को अपना काम ईमेल और अन्य माध्यम से उनकी टीम तक भेजने के लिए आमंत्रित किये जिसमे से कुछ बेहतरीन कलाकारों को न केवल वो सपोर्ट करेंगे बल्कि आगे बढ़ने में मदद भी करेंगे।इंटरव्यू के बाद सुखबीर जी हुई चर्चा में उन्होंने बताया की वो खुद भी दरअसल एक स्टोरीटेलर हैं और उनके हर सांग के पीछे कोई न कोई मजेदार कहानी होती है ऐसे में उन्हें नोजोटो ऐप्प से एक अलग जुड़ाव महसूस होता है और यही वजह है की वो आगे भी ऐसे कई लाइव शोज करेंगे जिसमे नए लोगों के लिए वर्कशॉप, टिप्स, जैमिंग सेशंस जैसी चीजें आयोजित की जाएँगी। इसी के साथ में नोजोटो ऐप्प के सीईओ और कोफाउंडर सत्यप्रेम उपाध्याय जी ने बताया की - नोजोटो ऐप्प पर वर्तमान में 7 लाख से ज्यादा और देश भर में करोड़ों ऐसे कलाकार हैं जो अलग अलग कलाओं का हुनर रखते हैं।हम इन्ही कलाकारों को आर्टिस्ट मॉनेटाइज़शन प्रोग्राम के माध्यम से आत्मनिर्भर और आर्थिक तौर पर सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।आज कलाकार लाइव शोज के माध्यम से नोजोटो पर हजारों रूपये कमा रहे हैं।इन्ही कलाकारों में में से कुछ ने राष्ट्रीय स्तर पर खूब नाम कमाया है जैसे कि भावना मिश्रा, कैप्टन निशांत,नेहा पंत नूपुर, रुबाब बीटकिलर,श्वेता सिंह, अंजलि चौधरी, मानिक त्रेहान आदि।

# एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट के अनिल भदौरिया बने पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष

**रिपोर्टर-ठाकुरदास लोधी**
**शिवपुरी/पिछोर।**



एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राधावल्लभ शारदा के निर्देशन एवं संभागीय अध्यक्ष अजय शर्मा के मार्गदर्शन में शिवपुरी जिलाध्यक्ष लालू शर्मा ने अपनी नवीन कार्यकारिणी एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा करते हुए कहा है कि एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन मध्य प्रदेश का एक मात्र ऐसा संगठन हैं कि जो पत्रकारों के हित की समस्याओं को प्रशासन से लेकर सरकार तक पहुंचाता हैं। कार्यकरणी के विस्तार में पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर अनिल भदौरिया को मनोनीत किया गया।वहीं श्री भदौरिया को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर उनके इष्ट मित्रों ने उनको बधाइयां दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष लालू शर्मा,सचिन राज भट्ट,सत्येन्द्र सिंह सेंगर,संजय तिवारी,शालू खान, हृदेश पाठक,संजीव शर्मा,संजीव पुरोहित,मनीष शर्मा,ठाकुरदास लोधी आदि हैं।

# श्री आईमाता मन्दिर एंव कोचिंग सैंटर भवन निर्माण दल का चैन्नई आगमन पर एयरपोर्ट पर स्वागत किया

**प्रेस नारायणलाल सैणचा**



**चैन्नई।** श्री आईमाता मन्दिर एवं कोचिंग सेन्टर भवन निर्माण हेतु धनराशि संग्रहण के क्रम मे जोधपुर से पधारे श्री आईमाता सीरवी सेवा संस्थान जोधपुर, के अध्यक्ष मेघाराम सैणचा एडिशनल कमिश्नर पाली उपाध्यक्ष जगदीशचन्द्र आगलेचा एडवोकेट राजस्थान हाईकोर्ट, व्यवस्थापक माधुराम चोयल,निदेशक एक्लव्य ऐकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सचिव ओमप्रकाश पंवार पुलिस कंट्रोल रूम में कम्प्युटर ऑपरेटर राज.पुलिस का चैन्नई एयरपोर्ट पर सीरवी समाज %%सम्पूर्ण भारत डॉट-कॉम वेबसाइट%% के संस्थापक सुरेश सिन्दड़ा, प्रतिनिधि जितेंद्र सिह गेहलोत, रमेश काग सवराड़, श्री सीरवी समाज सेवा संघ रामापुरम ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल चोयल, राजु पंवार, धर्मेंद्र सिह बर्फा,भवरलाल गेहलोत एवं लक्ष्मण बर्फा द्वारा मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। भवन निर्माण के क्रम मे आर्थिक योगदान संग्रहण हेतु जोधपुर दल ने चेन्नई शहर के रामापुरम एवं नेरुकुण्ड्रम क्षेत्र मे भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जोधपुर दल ने सर्वप्रथम रामापुरम बडेर मे आयोजित सांयकालीन आरती मे सरीख होकर माँ आईजी की स्तुति के साथ ही उद्देश्य की सफलता हेतु श्री आईमाताजी से विनम्र प्रार्थना की श्री आईमाता जी के दर्शन के पश्चात रामापुरम बडेर कार्यकारिणी / गणमान्य सदस्यो ने बडेर प्रांगण मे जोधपुर दल का आदर सत्कार के साथ रामापुरम तथा नेरुकुण्ड्रम क्षेत्र के गणमान्य स्वजातिय बन्धुओं ने जोधपुर में निर्माणाधीन मन्दिर ओर कोचिंग सेंटर मे स्वैच्छिक योगदान किया गया जोधपुर संस्था के अध्यक्ष मेघाराम सैणचा,उपाध्यक्ष जगदीशचंद्र आगलेचा, सचिव ओमप्रकाश बर्फा, एवं व्यवस्थापक माधुराम चोयल ने सभी भामाशाहों का एवं वडेर के सभी सदस्यों, पधाधिकारीयो को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया गया।




# जनता ने सर आंखों पर उठाया फ़िल्म साक्षी को जिले के युवा अभिनेता ने अपने अभिनय से किया प्रभावित

सीहोर। प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर के जानेमाने अभिनेता श्री विक्रम मस्ताल शर्मा की फिल्म साक्षी लीसा वन में शुक्रवार को रिलीज़ हो गई है। CR फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म साक्षी फिल्म का निर्देशन अजय राम यादव द्वारा किया गया है। इस में मेल लीड रोल करने वाले अभिनेता विक्रम मस्ताल की पहली फिल्म सस्पेंस थी। इस के गाने youtube और म्यूजिक चैनलों पर धूम मचाए हुए हैं। यह सस्पेंस, थ्रिलर और रोमांच से लबरेज एक शानदार फिल्म है। विक्रम मस्ताल शर्मा मूलतः सलकनपुर के किसान परिवार से सम्बंध रखते हैं। इनकी हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा ग्राम बायां में हुई है। उसके बाद स्नातक तक की पढ़ाई नर्मदा महाविद्यालय होशंगाबाद से हुई है। विक्रम को बचपन से ही अभिनय करने में रुचि थी।। अनेक कठिनाईयों का सामना करते हुए उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। विक्रम ने रामायण सीरियल में श्री हनुमान जी के पात्र का सजीव और उत्कृष्ट अभिनय किया है । उन्होंने कई टीवी सीरियल्स एवं वेब सीरीज में काम किया है। जिनमे आंखे, रामायण में हनुमान की भूमिका, अलिफ लैला, जय गंगा मैया जैसे कई सुपर हिट टीवी कार्यक्रमों में मुख्य भूमिका अदा की है। वेब सीरीज 21 सरफरोश सारागढ़ी में भी इनके बेहतरीन अभिनय ने इनकी एक्टिंग के प्रति अपनी मेहनत और लगन की झलक से हमें परिचित कराया है। गौर तालाब है कि विक्रम के पिताजी स्व. विनोद शर्मा भी फ़िल्म जगत से जुड़े रहे हैं। उनके स्व. राजेश खन्ना से बड़े नजदीकी संबंध रहे हैं। लीसा टाकीज का फ़िल्म साक्षी का पहला शो हाउस फुल गया है। साथ ही दर्शकों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। श्री अजय राम द्वारा निर्देशित साक्षी फिल्म में अभिनेता विक्रम मस्ताल, अभिनेत्री मधुमिता विश्वास, गहना वशिष्ठ, शिवा जी एवं बेदी जी मुख्य भूमिका में हैं। शनिवार को दोपहर 12 बजे विक्रम मस्ताल सीहोर आ रहे हैं जहां वे अपनी फिल्म को लेकर मीडिया से रूबरू होंगे।

## सरसंक्षिप्त समाचार

### वैलेण्टाइन डे सप्ताह - छठवाँ दिन मना हग डे के रुप में

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** वैलेण्टाइन डे सप्ताह का छठवाँ दिन हग डे के रुप में युवा पीढी में जोरदार देखने को मिला। जिसमें नवयुवक एवं नवयुवतियों ने एक दूसरे से प्यार के इजहार में एक दूसरे से हग का इजहार किया। और अपने वर्ष एवं जीवन में सफलता के लिये एक दूसरे से प्यार का तोहफा लिया। कि एक दूसरे की दुआ एक दूसरे को दिल से लगे। दोनों लोग खुशी-खुशी रहे। इसमें सर्वोधिक नवयुवक एवं नवयुवतियों ने अपना उत्साह बढचढकर किया। वही कुछ प्रतिशत विवाहित लोग भी अपना वैलेण्टाइन डे सप्ताह का हर दिन जश्न से मना रहे है। साथ ही नवयुवती अपने प्रेमी एवं विवाहितायें अपने पतिदेव के साथ वैलेण्टाइन डे 14 फरवरी को मनायेगी। वही वैलेण्टाइन डे पर प्रेमी युगल गिफ्ट उपहार देकर अपना प्यार का जोरदार इजहार करेगें ।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** सडक दुर्घटना में युवक घायल हो गया। प्राप्त विवरण में शिवम् (22) पुत्र मोती लाल निवासी स्यावरी ,पृथ्वीपुर को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया ।

### व्यक्ति ने किया जहर का सेवन

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** अज्ञात कारणों के चलते व्यक्ति ने जहर का सेवन कर लिया। प्राप्त विवरण में पप्पू (35) पुत्र सुखलाल निवासी रानीपुर को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया । हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### चतुर्थ सामान्य शिविर आज

**मऊरानीपुर (झाँसी)।** श्री अग्रसेन स्नातकोत्तर महाविधालय मऊरानीपुर की प्राचार्य डॉ. नन्दिनी दुबे ने प्रेस नोट में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवकों का आज 13 फरवरी 2021 को प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर तीनों इकाईयों का चतुर्थ सामान्य शिविर ग्राम चितावत में आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी स्वयं सेवक /सेविकायें प्रातः 8 बजे महाविधालय में अनिवार्य रुप से उपस्थित हो।

### 5 हजार 496 क्विंटल बाजरा संबंधित किसानों द्वारा वापस ले लिया है

**मुरैना।** जिले में बाजरा खरीदी केन्द्रों पर बाजरा खरीद की तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् कुछ किसानों का 9 हजार 381 क्विंटल बाजरा रखा गया था। इस संबंध में शासन को अवगत कराया, किन्तु शासन द्वारा उक्त बाजरा को समर्थन मूल्य पर लेने की अनुमति नहीं दिये जाने के कारण 5 हजार 496 क्विंटल बाजरा संबंधित किसानों द्वारा वापस ले लिया गया है। शेष 3 हजार 885 क्विंटल बाजरा संबंधित किसानों को वापस किया जा रहा है। यह जानकारी कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन द्वारा 1 फरवरी 2021 को एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित ''9 हजार क्विंटल बाजरा की एन्ट्री नहीं, सोसायटी संचालक किसानों से बोले वापस ले जाओ'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के संदर्भ में दी गई है।

### शासकीय कार्यक्रम बेटियों की पूजा से आरंभ किये जायेंगे

**मुरैना।** राज्य शासन ने शासकीय कार्यक्रम बेटियों की पूजा से आरंभ किये जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने सभी विभागों के जिला प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जब भी शासकीय कार्यक्रम किये जावें, उस कार्यक्रम का प्रारंभ बेटियों की पूजा से किया जाना सुनिश्चित करें।

### शासकीय कार्यक्रम बेटियों की पूजा से आरंभ किये जायेंगे

**मुरैना।** राज्य शासन ने शासकीय कार्यक्रम बेटियों की पूजा से आरंभ किये जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने सभी विभागों के जिला प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जब भी शासकीय कार्यक्रम किये जावें, उस कार्यक्रम का प्रारंभ बेटियों की पूजा से किया जाना सुनिश्चित करें।

## कब्रिस्तान की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट एवं बाल बाउंड्री को लेकर मुस्लिम महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**मोहन मांझी**

गोहद। आम कब्रिस्तान थाने के पीछे वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 17 गोहद चौराहा, एवं अन्य कब्रिस्तानों मैं साफ सफाई स्ट्रीट लाइट तथा बाउंड्री बाल की मांग को लेकर गोहद मुस्लिम महासभा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि आम कब्रिस्तान में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण कब्रिस्तान में रात के वक्त मय्यत दफनाने में बहुत परेशानी होती है एवं रात के समय कब्रिस्तान में असामाजिक तत्व एकत्रित होते हैं कब्रिस्तान की बाउंड्री वाल न होने के कारण यहां कब्रों पर आवारा पशु एवं असामाजिक तत्व बैठते हैं। जिससे कब्रिस्तान की कब्रों को क्षति पहुंचती है इन्हीं मांगों को लेकर मुस्लिम महासभा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन सौंपते समय मुस्लिम महासभा के मन्सूर अली, शाहरुख राइन, शकील खान, साकिर शाह, शेखू खान, वाहिद खान, फिरोज खान, राजा मिर्जा, इरफान शाह, अमन मिर्जा आदि दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 5 हजार 496 क्विंटल बाजरा संबंधित किसानों द्वारा वापस ले लिया है

**मुरैना।** जिले में बाजरा खरीदी केन्द्रों पर बाजरा खरीद की तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् कुछ किसानों का 9 हजार 381 क्विंटल बाजरा रखा गया था। इस संबंध में शासन को अवगत कराया, किन्तु शासन द्वारा उक्त बाजरा को समर्थन मूल्य पर लेने की अनुमति नहीं दिये जाने के कारण 5 हजार 496 क्विंटल बाजरा संबंधित किसानों द्वारा वापस ले लिया गया है। शेष 3 हजार 885 क्विंटल बाजरा संबंधित किसानों को वापस किया जा रहा है। यह जानकारी कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन द्वारा 1 फरवरी 2021 को एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित ''9 हजार क्विंटल बाजरा की एन्ट्री नहीं, सोसायटी संचालक किसानों से बोले वापस ले जाओ'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के संदर्भ में दी गई है। इसी तरह एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित गेहूं खबर के संदर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2021-22 में किसान पंजीयन के लिये पत्र क्रमांक 137 दिनांक 22 जनवरी 2021 से जिले में 56 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है।

## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 14 वर्ष का सश्रम कारावास

### एवं 2000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित..

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

अम्बाह... 16 साल की नाबालिग लड़की के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय अम्बाह की न्यायालय में *आरोपी मनोज पुत्र रामकेश माहौर* निवासी ग्राम खदरा खजूरी, थाना अम्बाह जिला मुरैना को 14 साल का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया। उक्त मामले में अभियोजन की ओर से संचालन विशेष लोक अभियोजक *गिरजेश खत्री* द्वारा किया गया। अभियोजन की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रश्मि वैभव शर्मा के बताये अनुसार थाना अम्बाह ग्राम क्षेत्र में दिनांक 08.07.2019 को शाम करीब 7 बजे पीड़िता शौच करने गांव के खेत में गई थी, जैसे ही शौच करके उठी तो उसी समय आरोपी मनोज ने उसका मुँह पकड़कर उसके साथ जबरन बुरा काम (बलात्कार) किया। उसी दौरान पीड़िता मां आ गई ।आरोपी मनोज ने पीड़िता की माँ को धक्का देकर जमीन पर पटक दिया। जिससे माँ को कोहनी में चोट आई और पीड़िता के चिल्लाने पर उसका भाई भी आ गया जिसे देखकर आरोपी मनोज ने कहा कि थाने पर रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर दूँगा। घटना की रिपोर्ट थाना अम्बाह में पीड़िता द्वारा लेख कराई। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में अभियोजन द्वारा साक्ष्य के दौरान पीड़िता व अन्य साक्षियों के कथन न्यायालय के अभिलेख पर कराये गये। इस प्रकरण में अभियोजन साक्षी डॉ. संजय माहौर का कथन न्यायालय में आरोपी मनोज की शारीरिक क्षमता के लिये कराया गया। लेकिन बाद में ज्ञात हुआ कि डॉ. संजय माहौर फ़र्जी तरीके से सिविल हॉस्पिटल अम्बाह में नौकरी करते पाया, जिसके खिलाफ थाना अम्बाह में रिपोर्ट दर्ज की गई। तत्पश्चात अभियोजन द्वारा सजकता दिखाते हुए माननीय न्यायालय को तथ्य व परिस्थितियों से अवगत कराते हुऐ पुनः आरोपी का मेडिकल कराने एवं सम्बंधित डॉक्टर के कथन कराने का न्यायालय से निवेदन किया। अभियोजन का निवेदन स्वीकार करते हुऐ आरोपी का पुनः मेडिकल कराकर संबंधित डॉक्टर के कथन लिये गये। इस प्रकार अतिंम बहस के दौरान अभियोजन ने न्यायदृष्टांत सहित अन्य सुसंगत तथ्यों से आरोपी मनोज माहौर के विरुद्ध मामला साबित किया। माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनकर अभियोजन के तर्क को प्रभावी मानकर आरोपी मनोज माहौर को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 व लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम की धारा 3/4 में दोषी पाये जाने पर गुरूत्तर दंड की मात्रा से धारा 3/4 पॉक्सो अधिनियम में 14 साल के सश्रम कारावास व कुल 2000 रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया।

## जच्चा-बच्चा देखभाल के उद्देश्य से संचालित है प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

**मुरैना।** गर्भावस्था, प्रसव और स्तनपान के दौरान महिलाओं को जागरूक करना और जच्चा-बच्चा देखभाल और संस्थागत सेवा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत महिलाओं को पहले छह महीनों के लिए प्रारंभिक और विशेष स्तनपान और पोषण प्रथाओं का पालन करने की समझाईश दी जाती है तथा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए नकद प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। सभी गर्भवती महिलाएं एवं स्तनपान कराने वाली माताएं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए पात्र मानी गई हैं। योजना का लाभ पाने के लिए जरूरी है कि महिला की उम्र 19 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सरकारी कर्मचारी, किसी अन्य कानून से लाभ पा रही प्राइवेट कर्मचारी या फिर पहले सभी किस्तें पा चुकी महिलाओं को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इस योजना से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले जीवित बच्चे के जन्म के दौरान फायदा होगा। योजना की लाभ राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे भेज दी जाएगी। पहली किस्त 1000 रुपए गर्भावस्था के पंजीकरण के समय दी जाएगी। दूसरी किस्त 2000 रुपए, यदि लाभार्थी छह महीने की गर्भावस्था के बाद कम से कम एक प्रसवपूर्व जांच कर लेते हैं। इसी प्रकार तीसरी किस्त 2000 रुपए, जब बच्चे का जन्म पंजीकृत हो जाता है और बच्चे को बीसीजी, ओपीव्ही, डीपीटी और हेपेटाईटिस-बी सहित पहले टीके का चक्र शुरू होता है । आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का संचालन किया जाता है। महिलाएं वहां जा कर इस योजना के लिए पंजीकरण करा सकती हैं। स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर भी इस योजना के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है। इसमें आशा कार्यकर्ता मदद करती हैं। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लिए हितग्राही को आधार कार्ड की फोटोकॉपी, बैंक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक, पीएचसी या सरकारी अस्पताल से जारी स्वास्थ्य कार्ड, सरकारी विभाग, कंपनी, संस्थान से जारी कर्मचारी पहचान पत्र प्रस्तुत करना होता है।

## शिक्षा कार्य में कोताई बर्दाश्त नहीं

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**डुमुरैना।** बोर्ड परीक्षाओं के लिये दो माह का समय शेष है, इन दो माहों में शिक्षक नैतिक दायित्वों का निर्वहन करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करायें, जिससे आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में बच्चे अच्छा परफार्मेंस प्रस्तुत कर जिले का नाम प्रदेश की सूची में टॉप-5 में पहुंचे। शिक्षक शिक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। ये निर्देश कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षकों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री उमेशप्रकाश शुक्ला, जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाष शर्मा, डीपीसी श्री मुन्नालाल तोमर, जिले के समस्त बीईओ, बीआरसी और प्राचार्य उपस्थित थे। कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन ने शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा है कि बोर्ड परीक्षायें नजदीक है, कोरोना काल में पिछली मार्च से शिक्षकों ने छात्रों को किसी भी प्रकार का अध्यापन कार्य नहीं कराया है, क्योंकि स्कूल बंद थे। बहुत कम छात्रों ने ऑनलाइन जुड़ने के बाद कहीं तैयारियां जरूर की होंगी, किन्तु अब स्कूल खुल चुके है। दो माह में बच्चों को इस प्रकार की तैयारियां करायें कि बच्चे उत्कृष्ट होकर प्रदेश में मुरैना का नाम रोशन करें। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने कहा है कि जिले में 64 जनशिक्षा केन्द्र है, माध्यमिक विद्यालय 259 है। जिसमें से प्राथमिक विद्यालयों



की संख्या 1537 है। जिसमें कुल स्टाफ 7 हजार 52 है। इसको देखते हुये अधिकतर स्टाफ पूर्ण है, जहां कहीं भी विषयवार शिक्षक कम होंगे, वहां अतिथि शिक्षक रखने का भी प्रावधान है। इसके बावजूद भी पढ़ाई का स्तर कम नहीं होना चाहिये। सभी छात्रों को पुस्तक मिल चुकीं होंगी। मेरे द्वारा निरीक्षण में यह शब्द नहीं आना चाहिये कि बच्चों के पास पुस्तक नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों को डोर टू डोर सर्वे करने के बाद दाखिला दिलाना है। बच्चा जिस कक्षा से उत्तीर्ण हुआ है, वह बच्चा अगली कक्षा में शतप्रतिशत प्रवेश लें ऐसे बच्चों का चिन्हांकन करें, जो किन्ही कारण स्कूल नहीं जा रहे है या स्कूल में दाखिला नहीं लिया है। उसका कारण सहित रजिस्टर संधारित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 4 हजार 679 ऐसे बच्चे है, जिनका समग्र आईडी नहीं होने के कारण दाखिला नहीं हो सका। इस प्रकार की जानकारी निकालकर डीपीसी और जिला शिक्षाधिकारी टीएल बैठक में लेकर आये, जिससे उनकी समग्र आईडी बनवाने की पहल की जावे। सारणी में प्रायः देखने में आया है कि आठवीं के बाद शतप्रतिशत बच्चे नवीं में प्रवेश नहीं करते है। नौवीं के बाद शतप्रतिशत दसवीं में प्रवेश नहीं करते है और दसवीं में उत्तीर्ण होनें के बाद 11वीं में प्रवेश नहीं लेते है, उन बच्चों का सर्वे करें ये बच्चे अधूरी पढ़ाई क्यों छोड़ देते है या शहर से अन्य किसी स्थान पर दाखिला लेते है। यह जानकारी रखना अतिआवश्यक है। डुकलेक्टर ने कहा कि हमारा घर हमारा विद्यालय, हमारा घर हमारा विद्यालय कार्यक्रम कक्षा 1 से 8 में संचालन की योजना, प्रदेश में मुरैना जिले की स्थिति, जिले में विकासखण्डवार की स्थिति, कक्षा से 8 तक दूरदर्शन पर प्रशारित शैक्षणिक कार्यक्रम, प्रतीभा पर्व, सीएम राइज स्कूल विकासखण्डवार शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, पिछले बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, छात्रावासों की जानकारी, बालिका छात्रावास, सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास, सर्व शिक्षा अभियान के तहत निर्माण कार्यो की समीक्षा आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### 'परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान कर में मिलेगी भारी छूट'

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान कर एवं शास्ति के भुगतान के संबंध में छूट प्रदान की गई थी। उक्त समय सीमा को बढाकर 31 मार्च 2021 तक की वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में वाहनों पर बकाया मोटरयान कर का एक मुश्त भुगतान करने पर अधिसूचना की तारीख से पांच वर्ष तक पुराने वाहनों पर 20 प्रतिशत, पांच वर्ष से अधिक किंतु 10 वर्ष से अनाधिक पुराने वाहनों पर 40 प्रतिशत, 10 वर्ष से अधिक किंतु 15 वर्ष से अनाधिक पुराने वाहनों पर 50 प्रतिशत एवं 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर 70 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है।

### अवैध कॉलोनियां पर सड़कों का किया गया जमींदोज

**मुरैना।** कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन के निर्देशन में एसडीएम अम्बाह श्री राजीव समाधिया ने अंबाह में अवैध कालोनियों पर कार्यवाही की है। गल्ला मंडी अंबाह के पीछे स्थित कालोनी पर एसडीएम के मार्गदर्शन में तहसीलदार राजकुमार नागोरिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री रामनिवास शर्मा के द्वारा राजस्व अमला, नगर पालिका अमला, एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यह अवैध कालोनिया तहसील अंबाह के भूमि सर्वे क्रमांक 1982 रकबा 0.387 खसरा नंबर 1983 रकबा 0.366 एवं खसरा नंबर 1973ध्3 रकबा 0.254हेक्टेयर में स्थित तीन कॉलोनीयां है।

### केन्द्र पर वैक्सीन टीके लगाने की व्यवस्था

**मुरैना।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-19 के टीकाकरण के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर सी बांदिल एवं सिविल सर्जन डॉ ए के गुप्ता ने बताया कि कोविड-19 के टीकाकरण के लिये जिले में केन्द्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रो पर टीका लगने के पहले और बाद में पोर्टल पर एन्ट्री की जायेगी। प्रवेश द्वार पर गार्ड एसएमएस देख कर ही एन्ट्री देगा। प्रतीक्षा कक्ष में दूसरे नंबर पर प्रमाणित करने वाला रहेगा जो हितग्राही को इन्ट्री करेगा और पहचान पत्र दर्ज करेगा। उसके बाद तीसरे नंबर पर सिस्टर टीका लगाकर उसकी और पोर्टल पर इन्ट्री करेगी।

### आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**मुरैना ।** विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक श्री पी.एस. तोमर ने बताया कि 132 केव्ही मुरैना से निकलने वाले 33 केव्ही वीरमपुरा फीडर पर लाइन शिफ्टिंग का कार्य कराये जाने के कारण 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक 33 केव्ही अरहैला, हरगांगोली, श्यारू, खेरिया, तालपुरा, चन्द बाई का पुरा, गुर्जा पुरा, फैली पुरा, सांटा, कांस पुरा, अहमद पुर, हडवांसी, नाहरदौंकी, उम्मेदगढ़, लोंगट आदि गांव प्रभावित रहेंगे।

### शासकीय रकवा लगभग 4-5 बीघा जमीन ए.बी. रोड़ लगा हुआ क्षेत्र का चिन्हांकन कर सूचित करें

**मुरैना।** मुरैना जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम के लिये चंबल नदी के पहले एक शासकीय भूमि का चयन किया जाकर लगभग 4-5 बीघा जमीन चिन्हांकन कर आरक्षित किया जाना है। जहां पर आर.एफआई.डी. सिस्टम स्थापित कर वाहनों की चैकिंग की जा सके, साथ ही एक डिपो भी बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसमें खनिजों के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से खड़ा किया जा सके। चंबल नदी से पूर्व मुरैना जिले की सीमा में कोई शासकीय रकवा लगभग 4-5 बीघा जमीन एबी रोड़ लगा हुआ क्षेत्र का चिन्हांकन कर सूचित करें। जिससे की आगामी कार्रवाही कलेक्टर के मार्गदर्शन में की जा सके।

## संपादकीए

# पीएम के आंसू के मायने

संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा का नजारा 9 फरवरी को भावुक करने वाला रहा। दरअसल, कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद को विदाई देते वक्त पीएम मोदी के आंसू छलक आए। इसके बाद गुलाम नबी आजाद भी भावुक हो गए। कटुता और हंगामे के लिए बदनाम हो रहे देश के राजनीतिक परिदृश्य में यह भावुक पल सुकून की बयार बनकर आए। दोनों ओर से बही यह भावुकता लोकतंत्र को मजबूत ही करेगी। मिसाल बनेगी।...लेकिन इस भावुक माहौल के सियासी मायने भी तलाशे जा रहे हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह बिखरती हुई कांग्रेस में भाजपा की एक और सेंध है या आजाद के बहाने कश्मीर पर निशाना



साधने की तैयारी है? दरअसल, सोमवार को जम्मू-कश्मीर के चार सांसदों को राज्यसभा से विदाई दी गई। पीएम मोदी ने एक-एक करके गुलाम नबी आजाद, शमशेर सिंह, मीर मोहम्मद फयाज और नजीर अहमद का नाम लिया और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पीएम मोदी 16 मिनट बोले, जिनमें पूरे 12 मिनट आजाद के नाम रहे। आजाद का नाम लेते-लेते मोदी इतने भावुक हो गए कि रो दिए। अंगुलियों की पोर से अपने आंसू पोंछे, फिर पानी पिया। ...और करीब 6 मिनट तक सिसकियां लेते-लेते आजाद से अपने संबंधों को याद करते रहे। पीएम मोदी के आंसू भले ही अपने राजनीतिक दोस्त के लिए थे, लेकिन उनकी सिसकी के सियासी मायने भी तलाशे जा रहे हैं। उनके बोल में सियासत की सुई खंगाली जा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आजाद का बगीचा कश्मीर घाटी की याद दिलाता है। माना जा रहा है कि इस बहाने उन्होंने कश्मीर में सियासत की डोर साधने की कोशिश की। इसके अलावा मोदी ने आजाद से यह भी कहा कि मेरे द्वार आपके लिए हमेशा खुले रहेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस में अलग-थलग चल रहे गुलाम नबी आजाद को पीएम मोदी ने अपने पाले में लाने का प्रयास उसी तरह किया है, जैसे कांग्रेस में हाशिए पर जा चुके प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति बनते वक्त भाजपा ने समर्थन दिया था। अब सवाल उठता है कि आखिर गुलाम नबी आजाद में पीएम मोदी ने इतनी दिलचस्पी क्यों दिखाई? दरअसल, आजाद काफी समय से कांग्रेस में हाशिए पर हैं। कुछ बयानों की वजह से राहुल गांधी ने उन पर भाजपा से सांठ-गांठ का आरोप भी लगा दिया था। हालांकि, उस दौर में आजाद ने इस्तीफा देने की भी पेशकश कर दी थी। मामला भले ठंडे बस्ते में चला गया, लेकिन शांत नहीं हुआ था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राज्यसभा का आंसुओं से भीगा परिदृश्य उसी चिंगारी को और भड़काएगा। सवाल यह भी उठता है कि क्या आजाद भाजपा का दामन थाम लेंगे? हालांकि, जानकारों का मानना है कि ऐसा होना आसान नहीं है। पीएम मोदी के आंसुओं से आजाद भले ही भावुक हो गए, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में उनका पाला बदलना थोड़ा मुश्किल लगता है। गौरतलब है कि भाजपा की नजर विपक्षी दलों के ऐसे मजबूत नेताओं पर लगातार बनी हुई है, जिनकी वर्तमान स्थिति अपने ही दल में थोड़ी कमजोर है। पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी इसके ताजा उदाहरण हैं। बंगाल के नंदीग्राम इलाके के अधिकारी माने जाने वाले सुवेंदु टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी से थोड़े खफा हुए तो भाजपा ने उन्हें झट से अपने पाले में मिला लिया। इससे पहले मुकुल रॉय को भी भाजपा ने ऐसे ही भगवा रंग में रंग लिया था।

# आंदोलन की आड़ में देश को बदनाम करने की साज़िश तो नहीं?


जहां खूबियां होती है, वहां खामियां भी जरूर रहती है। किसान आंदोलन के नाम पर हो रहे आंदोलन से तो यही प्रतीत हो रहा है मानो अब आंदोलन अपने स्वार्थ पूर्ति तथा राजनीतिक लाभ का जरिया बनकर रह गया हैं। इतना ही नहीं मानो लगता है, कि आंदोलनकारियों को न ही देश के मान से कोई सरोकार है, और न ही आंदोलन से जनता को हो रही परेशानियों की कोई चिंता। 26 जनवरी को किसान आंदोलन के नाम पर ट्रैक्टर रैली की आड़ में हुई हिंसा, लाल किले पर राष्ट्रध्वज के अपमान की घटना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण थी। बल्कि इस घटना ने देश के लोकतंत्र को भी वैश्विक पटल पर शर्मशार किया है। किसान आंदोलन के नाम पर देश मे हो रही राजनीति न केवल देश तक सीमित रही है बल्कि अब विदेशी शक्तियां भी आंदोलन को एक अलग ही मोड़ देने में लगी है। जिनका केवल और केवल एक ही मक़सद है कि कैसे वैश्विक पटल पर भारत को नीचा दिखाया जा सके। जिस किसान आंदोलन का आगाज शांतिपूर्ण ढंग से हुआ था, उसका अंजाम इतना दुर्भाग्यपूर्ण होगा इसकी कल्पना शायद ही किसी भारतीय ने की होगी। 2 महीने से शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलन में 26 जनवरी को हुई घटना ने कालिख़ पोतने का काम किया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन में शक्ति प्रदर्शन करना जरूरी था? कोई भी आंदोलन तभी किया जाता है जब सरकार बात न सूने। यहां तो ऐसी कोई बात नजर नही आई क्योंकि अगर ऐसा था तो सरकार और किसानों के बीच आंदोलन के दौरान 11 दौर की बातचीत नहीं होती। जिस किसान बिल के नाम पर महाभारत की जा रही है। उसे भी आगामी डेढ़ साल तक रोकने की बात तक कि गयी थी, पर किसान नेता बिल रद्द करने की बात पर अड़े हुए है। जबकि सरकार किसान बिल में सुधार करने को तैयार है। फिर क्यों इस आंदोलन को जारी रखा गया। क्या इस आंदोलन को भी शाहीनबाग की शक्ल देने का काम किया जा रहा? सबसे बड़ा सवाल तो अब यह है। देखा जाए तो दोनों ही आंदोलन में काफी समानता नजर आती है। शाहीनबाग के आंदोलन में सीएए और एनआरसी को गलत रूप में प्रस्तुत किया गया तो वही किसान आंदोलन भी एक वर्ग विशेष के हितों की रक्षा के लिए ही किया जा रहा है। अगर ऐसा न होता तो केवल पंजाब और हरियाणा राज्य के किसान ही कृषि बिल का विरोध नही कर रहे होते। इस आंदोलन का नेतृत्व ही पंजाब के राजनीतिक दलों के द्वारा किया जा रहा है। इन नेताओं को आंदोलन के नाम पर अपना राजनीतिक लाभ दिखाई दे रहा है।जब आंदोलन ही राजनीति से प्रेरित होकर किया जाए तो उस आंदोलन का हश्र यही होना था। इस आंदोलन में विदेशी शक्तियों का दखल भी साफ देखा जा सकता है। जिन्हें भारत से कोई विशेष लगाव नही है, उनका मकसद सिर्फ और सिर्फ देश मे गतिरोध पैदा करना है। यही वजह है कि अभी चंद दिनों पहले किसान आंदोलन का समर्थन करने के लिए विदेशी शख्सियत यानी पॉप गायिका ने ट्वीट कर अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत को कमजोर दिखाने का प्रयास किया। पोर्न स्टार मिया खलीफा जिसे न तो किसानी का मतलब समझ आता है और न ही किसानों के मुद्दों की कोई समझ। वह भी किसान के मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करती दिखी। फ़िर भी क्या यही समझा जाए कि किसान आंदोलन की आड़ में भारत को कमज़ोर करने की साज़िश नहीं? पर्यावरण मुद्दों पर अपनी अंतराष्ट्रीय पहचान बनाने वाली ग्रेटा थॉर्नवर ने तो किसान आंदोलन में हिंसा की पूरी साजिश तक रच डाली। उनके द्वारा जारी की गई टूल किट से साफ पता चलता है कि कैसे भारत मे अस्थिरता लाने की साजिश रची गयी थी। ऐसे में जाहिर सी बात है कि इन सेलिब्रिटी को भारत के किसानों से कोई हमदर्दी तो रही नही होगी? होगी भी कैसे? इन सभी का ताल्लुक दूर दूर तक खेती किसानी से नहीं। ताल्लुक़ है तो एक विशेष विचारधारा से। फ़िर स्पष्ट रूप से इनका मकसद तो पैसे लेकर अपनी पॉपुलैरिटी का उपयोग भारत के विरोध में करना था। लेकिन जब हमारे ही देश का एक बड़ा तबका इन विदेशी शख्सियत के पक्ष में खड़ा हो जाये तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण ओर क्या होगा? भारत में किसान आंदोलन का इतिहास काफी पुराना रहा है। इन आंदोलनों में से अधिकतर आंदोलनों ने हिंसा का रूप अख्तियार कर लिया था। 1 मार्च 1987 को भारतीय किसान यूनियन ने बिजली की बढ़ी दरों को लेकर आंदोलन किया था। यह आंदोलन भी अपने अंजाम तक पहुँचने से पहले ही हिंसा की बलि चढ़ा दिया गया। 27 मार्च 1989 को अलीगढ़ में भूमि अधिग्रहण को लेकर आंदोलन किया गया । जिसमे एक किसान की मौत होने के बाद आंदोलन को खत्म करना पड़ा। साल 2010 में नोएडा में भूमि अधिग्रहण को लेकर भी आंदोलन किया गया। जिसमे आंदोलन ने उग्र रूप धारण कर लिया था। इस आंदोलन के तीन साल बाद भूमि अधिग्रहण पर नया कानून बना। अधिक्तर किसान आंदोलन हिंसक और उग्र रूप में ही नजर आए है। देश मे कोई कानून बनता है तो उसे भी सहज स्वीकार कर पाना बहुत ही कठिन होता है। कृषि कानून पर भी यह बात लागू होती है। लेकिन कृषि कानून की आड़ में जो राजनीति हो रही है। इसके पीछे कौन सी ताकत काम कर रही है। यह जांच का विषय है, क्योंकि किसान आंदोलन के नाम पर खालिस्तान संगठन भी अपनी जड़ें मजबूत करने में लगा हुआ है। अब यह बात किसानों को भी समझना होगा कि वे इस आंदोलन को किस दिशा में लेकर जाना चाहते है। जिस संविधान ने देश के नागरिकों को शांति से अपनी बात कहने की आजादी दी है। जिस गणतंत्र ने हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाया। उसी गणतंत्र की मर्यादा को आंदोलन की आड़ में तार तार करना किसी भी भारतीय को शोभा नहीं देता है। लाल किले को भारत की आन बान और शान का प्रतीक माना जाता है। उस किले पर कोई और झंडा फहराना राष्ट्र ध्वज का अपमान करना है। आज तमाम नेता भले ही यह बात कह रहे हो कि लाल किले पर झंडा फहराने की उनकी कोई मंशा नही थी। लेकिन वे इस बात से कैसे इनकार कर सकते है कि रैली के नाम पर किसानों को भड़काने का काम तो उन्ही नेताओ के द्वारा ही किया गया था। आज भी तमाम राजनीतिक दल किसान आंदोलन की आड़ में अपना राजनीतिक लाभ देख रहे है। जिस किसान आंदोलन को राजनीति से दूर रखा गया था आज तमाम किसान नेता अपने आंदोलन को मजबूती देने के लिये नेताओ का समर्थन लेने तक को तैयार हो गए है। किसान आंदोलन पूरी तरह से राजनीति का अखाड़ा बनकर रह गया है। जिस आंदोलन को जनता का समर्थन और सहानुभति मिली थी। 26 जनवरी की घटना के बाद शायद वह समर्थन मिल पाना नामुमकिन है। तभी किसान नेताओ ने राजनीतिक पार्टियों के समर्थन को स्वीकार कर लिया है। एक तरफ कुछ राजनीतिक दल किसान आंदोलन के पक्ष में खड़े होकर सरकार का विरोध कर रहे है। विदेशी सेलिब्रिटी के देश विरोधी ट्वीट का समर्थन कर रहे है तो वही दूसरी तरफ महाराष्ट्र सरकार तथा कांग्रेस ने किसान आंदोलन के पक्ष में खड़े भारत के सेलिब्रिटी के ट्विटर अकाउंट की जांच के निर्देश दिए है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश मे इस तरह की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अब देखना यह होगा कि किसान आंदोलन के नाम पर और क्या क्या राजनीतिक रंग दिखाई देते है। यहां एक सवाल यह भी उठता है कि जो किसान पिछले 2 माह से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे क्या वही किसान इतना उग्र रूप धारण कर लेंगे? जबकि किसान यह बात जानते थे कि हिंसा उनके आंदोलन को खत्म कर देगी फिर ऐसी क्या वजह थी जो इस घटना को अंजाम दिया गया। वजह चाहे जो भी रही हो लेकिन एक बात तय है कि जिस किसान आंदोलन को अब तक जनता का समर्थन ओर सहानुभूति मिल रही थी। अब वह समर्थन मिल पाना लगभग नामुमकिन है। सवाल यह भी उठता है कि इस आंदोलन का भविष्य क्या होगा, क्योंकि अब भी कुछ किसान नेताओं द्वारा आंदोलन जारी है। अब देखना यह होगा कि किसान नेताओ का अगला कदम क्या होगा?



**2 महीने से शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलन में 26 जनवरी को हुई घटना ने कालिख़ पोतने का काम किया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन में शक्ति प्रदर्शन करना जरूरी था? कोई भी आंदोलन तभी किया जाता है जब सरकार बात न सूने। यहां तो ऐसी कोई बात नजर नही आई क्योंकि अगर ऐसा था तो सरकार और किसानों के बीच आंदोलन के दौरान 11 दौर की बातचीत नहीं होती। जिस किसान बिल के नाम पर महाभारत की जा रही है। उसे भी आगामी डेढ़ साल तक रोकने की बात तक कि गयी थी, पर किसान नेता बिल रद्द करने की बात पर अड़े हुए है। जबकि सरकार किसान बिल में सुधार करने को तैयार है। फिर क्यों इस आंदोलन को जारी रखा गया। क्या इस आंदोलन को भी शाहीनबाग की शक्ल देने का काम किया जा रहा? सबसे बड़ा सवाल तो अब यह है। देखा जाए तो दोनों ही आंदोलन में काफी समानता नजर आती है। शाहीनबाग के आंदोलन में सीएए और एनआरसी को गलत रूप में प्रस्तुत किया गया तो वही किसान आंदोलन भी एक वर्ग विशेष के हितों की रक्षा के लिए ही किया जा रहा है। अगर ऐसा न होता तो केवल पंजाब और हरियाणा राज्य के किसान ही कृषि बिल का विरोध नही कर रहे होते। इस आंदोलन का नेतृत्व ही पंजाब के राजनीतिक दलों के द्वारा किया जा रहा है। इन नेताओं को आंदोलन के नाम पर अपना राजनीतिक लाभ दिखाई दे रहा है।जब आंदोलन ही राजनीति से प्रेरित होकर किया जाए तो उस आंदोलन का हश्र यही होना था। इस आंदोलन में विदेशी शक्तियों का दखल भी साफ देखा जा सकता है।**

# श्रीरामनाम अनमोल है

एक महात्मा किसी नगर के बाहर रहा करते थे। उनका एक अनन्य भक्त श्रद्धापूर्वक प्रतिदिन उनके पास आता था और उनकी सेवा सुश्रूषा बड़े ही प्रेमपूर्वक करता था। उसकी श्रद्धा और सेवा से महात्माजी अत्यधिक प्रसन्न हो गए और उससे बोले- तू ईश्वर का भक्त है, तू साधु-संतों का सत्संग करता है, शास्त्र के वचनों तथा उसके मार्ग पर श्रद्धापूर्वक विश्वास करता है। अत~ तेरी सरलता और सेवा प्रशंसनीय है। तू दूसरों जैसा व्यर्थ के कुतर्क नहीं करता है, साथ ही साथ तुझमें दूसरों के अहित करने की भावना भी नहीं रहती है। ये सब इस संसार में चरित्रवान व्यक्ति के लिए आदर्श गुण है। यह सब गुण ईश्वर की कृपा से ही उसके भक्त में सहज आ जाते हैं। आज मैं तुझको इन सद्गुणों से सम्पन्न तथा योग्य मानकर प्रसन्नता के साथ एक अत्यन्त ही गोपनीय महामंत्र दे रहा हूँ। इस महामंत्र का वास्तविक महत्व कोई जन साधारण नहीं जानता है। तुम इसे किसी को बतलाना-देना मत। इतना कहकर उन महात्माजी ने %राम' उस भक्त के कान में कह दिया। बस फिर क्या था वह भक्त रामनाम के जप में संलग्न हो गया। वह दिन-रात रामनाम का जप करने लग गया। वह भक्त प्रतिदिन गंगास्नान करने जाता था। एक दिन वह गंगा स्नान कर लौट रहा था कि उसका ध्यान उन लोगों की ओर गया, जो गंगा स्नान करके लौटते समय जोर-जोर से %राम-राम' बोल रहे थे। उनके सबके द्वारा %राम' शब्द सुनते ही उस भक्त को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसके मन में विचार आया कि महात्माजी तो यह कहते थे कि यह परम गुप्त ही नहीं महामंत्र है किन्तु इसे तो सब लोग जोर-जोर से सबके सामने बोल रहे हैं। अब इस महामंत्र की गोपनीयता भंग हो गई। भक्त घर भी नहीं गया तथा सीधा महात्माजी की कुटिया पर जा पहुँचा तथा अपने मन का सम्पूर्ण सन्देह महात्माजी को कह सुनाया। महात्माजी उस भक्त की भावना और मनोदशा को जान गए। महात्माजी ने कहा- ठीक है, मैं तुम्हारे सन्देह को मिटा दूँगा, तुम व्यर्थ में क्यों चिन्ता करते हो। सबसे पहले मेरा एक अत्यन्त आवश्यक कार्य कर दो। इतना कहकर महात्माजी ने अपनी झोली से एक चमकता हुआ काँच-सा निकालकर उस भक्त को दिया तथा उससे कहा कि वत्स! इसको तुम बाजार में लेकर जाओ और इसका मूल्य अंकवा (मूल्यांकन) कर लाओ। ध्यान रहे कि इसको किसी भी मूल्य पर बेच मत आना। बस तुम्हें इसका सही-सही मूल्य पता लगाना है कि आखिर इसका मूल्य क्या है? उस भक्त ने अपने सन्देह को महात्माजी के पास छोड़ दिया तथा उनकी आज्ञानुसार उस काँच का मूल्य अँकवाने के लिए वह तुरन्त बाजार की ओर चल पड़ा। बाजार में प्रवेश करते ही उसे एक साग-भाजी बेचने वाली मिली। भक्त ने उक्त काँच उसे दिखाकर उसका मूल्य पूछा। साग-भाजी बेचने वाली ने बड़े सोच विचार कर कहा कि यह काँच बड़ा ही चमकदार है अत~ बच्चों के खेलने के लिए बहुत बढ़िया होगा। यह सोचकर साग-भाजी बेचने वाली महिला ने उस भक्त से कहा- यह काँच मुझे दे दो और बदले में दो सेर आलू ले जाओ। भक्त ने वह काँच उससे वापस ले लिया और वहाँ से चल दिया। आगे जाने पर उसे एक सुनार की दुकान दिखाई दी भक्त ने सुनार को काँच दिखाकर मूल्य पूछा। सुनार ने काँच को देखकर सोचा कि यह देखने में नकली हीरा जैसा लगता है, अत~ इसका मूल्य सौ रुपया देकर लेने में कोई हानि नहीं होगी। सुनार ने भक्त को उस काँच का मूल्य सौ रुपया बता दिया। यह सुनकर भक्त सुनार से काँच लेकर वहाँ से चल दिया। भक्त आगे चलकर एक महाजन की दुकान पर गया और काँच को दिखाया। महाजन ने देखा और सोचा- यह तो नकली हीरा है किन्तु इतना सुन्दर है कि इसे कौन नकली कहेगा। महाजन ने सोचा कि हमारे घर की बहू-बेटियों को पहने देखकर तो सभी इसको असली कहेंगे। इतना सोच विचार करने के बाद महाजन ने एक हजार रुपए मूल्य देने को कहा इतना सब कुछ सुनकर वह पुन~ वहाँ से चल पड़ा। भक्त सोच में पड़ गया तथा उत्साह से भर गया। भक्त काँच के मूल्य की जाँच जहाँ भी करता वहाँ उसका मूल्य बढ़ते ही जा रहा था। वह आश्चर्यचकित हो गया। भक्त एक जौहरी की दुकान पर गया। जौहरी ने काँच को देखकर मन ही मन में सोचा कि यह लगता तो हीरा ही है किन्तु इतना बड़ा उच्च कोटि का हीरा उसने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। सम्भवत~ हीरा न भी हो किन्तु यदि कहीं हीरा हुआ तो इसका मूल्य बहुत अधिक होगा।




## चिंतन मंतन

### दुखी चित्त के लक्षण हैं उत्सव

दुनिया में दो ही तरह के लोग हैं- एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। भौतिकवादी और आध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। आध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। क्योंकि उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करने वाला भी न बचा, पुराने को देखने वाला भी न बचा, हर चीज नई हो जाएगी। और भौतिकवादी कहता है कि चीजें नई करो, क्योंकि स्वयं के नए होने का तो कोई उपाय नहीं है। नया मकान बनाओ, नई सड़कें लाओ, नए कारखाने, नई सारी व्यवस्था करो। उत्सव हमारे दुखी चित्त के लक्षण हैं। चित्त दुखी है वर्ष भर, एकाध दिन हम उत्सव मना कर खुश हो लेते हैं। वह खुशी बिल्कुल थोपी गई होती है। क्योंकि कोई दिन किसी को कैसे खुश कर सकता है? दिन! अगर कल आप उदास थे और कल मैं उदास था, तो आज दिवाली हो जाए तो मैं खुश कैसे हो जाऊंगा? हां, खुशी का भ्रम पैदा करुंगा। दीये, पटाके, फुलझड़ियां और रोशनी धोखा पैदा करेंगी कि आदमी खुश हो गया। लेकिन ध्यान रहे, जब तक दुनिया में दुखी आदमी हैं, तभी तक दिवाली है। जिस दिन दुनिया में खुश लोग होंगे उस दिन दिवाली नहीं बचेगी, क्योंकि रोज ही दिवाली जैसा जीवन होगा। जब तक दुनिया में दुखी लोग हैं तब तक मनोरंजन के साधन हैं। जिस दिन आदमी आनंदित होगा उस दिन मनोरंजन के साधन एकदम विलीन हो जाएंगे। कभी यह सोचा न होगा कि अपने को मनोरंजित करने वही आदमी जाता है जो दुखी है। इसलिए दुनिया जितनी दुखी होती जाती है उतने मनोरंजन के साधन हमें खोजने पड़ रहे हैं। चौबीस घंटे मनोरंजन चाहिए, क्योंकि आदमी दुखी होता चला जा रहा है। हम समझते है कि जो आदमी मनोरंजन की तलाश करता है, बड़ा प्रफुल्ल आदमी है। ऐसी भूल में मत पड़ जाना। सिर्फ दुखी आदमी मनोरंजन की खोज करता है। और सिर्फ दुखी आदमी ने उत्सव ईजाद किए हैं। पुराने पड़ गए चित्त में, जिसमें धूल ही धूल जम गई है; वह नए दिन, नया साल, इन सबको ईजाद करता है।

# वायु प्रदूषण : घातक जहरीली हवा के कुप्रभाव

हमारी सृष्टि पंचमहाभूतात्मक हैं जिसमे पृथ्वी ,जल ,वायु ,अग्नि आकाश होते हैं। मनुष्य के अलावा वृक्ष ,नदियां, जंगल ,सभी इन पंच महाभूतों से बने हैं।इन सब पर अति व्यवहार करने से ,कम व्यवहार करने से और मिथ्या व्यवहार करने से प्रकृति का संतुलन बिगड़ता हैं ,और असंतुलन ही विकृति का मूल कारण हैं। इसमें जो वस्तुए निर्जीव हैं और जो जीव हैं प्रदुषण का प्रभाव पड़ता हैं। मनुष्य और पशु ,पक्षी मानसिक



रूप से भी प्रभावित होते हैं। मनुष्य में विवेक और मन होने से प्रदुषण से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं ,और मूल रूप से मनुष्यों द्वारा इस प्रदुषण को बढ़ाने में पूरा योगदान रहता है। कारण मनुष्यों के द्वारा ही वाहनों के उपयोग में पेट्रोल ,डीजल का उपयोग करना ,पृथ्वी की छाती पर दिन रात नए भवनों ,वाहनों द्वारा नित्य दोहन हो रहा हैं ,वही फैक्ट्रियों द्वारा वायु प्रदुषण और जल प्रदुषण किया जा रहा हैं ,अब तो आकाश भी सुरक्षित नहीं हैं। जैसे जानवर पशु पक्षी पेड़ पौधे नदियां अपनी प्रकति नहीं छोड़ती यानी शाकाहारी जानवर मांसाहारी नहीं होते ।, मांसाहारी कभी शाकाहारी नहीं होते पर मानव एक ऐसा जानवर हैं जिससे मांसाहार ,शाकाहार ,नदियां ,जंगल आदि सुरक्षित नहीं हैं ,यह प्रदुषण मानव की कुंठा को प्रदर्शित करती हैं। कारण मानव ही प्रकति का बेमुरब्बत दोहन करता हैं ,किया हैं और करेगा। आज प्रदुषण का प्रभाव जन्मजात शिशुओं , वयस्कों से लेकर वृद्धों तक प्रभावित हो रहे हैं। आज आवश्यकता हैं बचाव की। वायु प्रदूषण का बच्चों के फेफड़ों पर बहुत बुरा असर पड़ता है और इसकी वजह से उन्हें अस्थमा तक हो सकता है। भारत के मेट्रो शहरों की हवा इतनी प्रदूषित होती जा रही है कि यहां सांस लेना दूभर हो रहा है। वयस्कों का शरीर तो फिर भी प्रदूषण भरी हवा को किसी तरह झेल रहा है लेकिन बच्चों और बूढ़ों का प्रदूषण में बुरा हाल है।



# लड़कियों में बढ़ा अटेच चैन मास्क का क्रेज

मास्क पहनना ना सिर्फ हमारी जिंदगी का जरूरी हिस्सा बन गया है बल्कि लड़कियों ने इसे फैशन स्टेटमेंट भी बना लिया है. जहां लड़कियां कैजुअल वियर के साथ स्टाइलिश मास्क पहन रही हैं वहीं ब्राइडल भी अपने आउटफिट्स के साथ डिजाइनर व मैचिंग मास्क वियर कर रही हैं. ट्रैंड की बात करें तो साल के आखिर में अटैच चैन मास्क का क्रेज लड़कियों में काफी देखने को मिल रहा है, जो साल 2021 में भी चलने वाला है. सिर्फ आम लड़कियां ही नहीं बल्कि बॉलीवुड दीवाज भी इस ट्रैंड को खूब फॉलो कर रही हैं. हाल ही में टीवी एक्ट्रेस हीना खान अटैच चैन मास्क पहने नजर आईं. इससे पहले एक्ट्रेस करीशमा तन्ना और शिल्पा शेट्टी अटैच चैन मास्क पहने नजर आ चुकी हैं. चलिए हम आपको अटैच चौन मास्क के कुछ डिजाइन्स दिखाते हैं, जिन्हें आप अपने स्टाइल व कम्फर्ट के हिसाब से चुन सकती हैं.

# हार्मोन थेरेपी से बढ़ सकती है पुरुषों की उम्र

न्यूयॉर्क। लंबी उम्र की चाहत हर किसी को होती है। शोधकर्ताओं ने पुरुषों की उम्र को बढ़ाने का एक तरीका खोज निकाला है। शोध के अनुसार, बड़ी उम्र के पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को बढ़ाकर उनकी उम्र को बढ़ाया जा सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास में भारतीय मूल के सह शोधकर्ता रजत बरआ ने कहा, उम्र के साथ पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम होने लगता है। अगर जेल, पैच या



इंजेक्शन के जरिये शरीर में इसके स्तर को फिर से सामान्य कर दिया जाए तो दिल के दौरे और अन्य आकस्मिक मृत्यु की आशंका कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह इस तरह का पहला अध्ययन है जिसमें टेस्टोस्टेरोन के स्तर को सामान्य करने से ऐसा प्रभाव देखा गया है। जिनके शरीर में हार्मोन थेरेपी के बाद भी स्तर सामान्य नहीं हो पाता है, उनमें इसका विशेष प्रभाव नहीं देखा गया।

# पेटाइटिस सी से दिल को भी खतरा

न्यूयॉर्क। हेपेटाइटिस सी वायरस से पीड़ित लोगों के लिवर पर खतरे की बात पहले भी सामने आती रही है। एक ताजा शोध में इसका दिल पर भी दुष्प्रभाव देखा गया है। जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ता प्रोफेसर वेंडी पोस्ट ने कहा, हेपेटाइटिस सी से प्रभावित लोगों में लिवर से जुडी परेशानी पर नजर रखी जाती है, लेकिन शोध के नतीजे बताते हैं कि ऐसे मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टरों को उनके दिल का भी पूरा ख्याल रखना चाहिए। आमतौर पर एचआईवी और हेपेटाइटिस सी का संक्रमण एक साथ होता है और एचआईवी से दिल पर पडऩे वाले दुष्प्रभाव पहले से पता हैं। उन्होंने कहा कि ताजा शोध में पाए गए नतीजे एचआईवी से इतर हेपेटाइटिस सी से दिल पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की ओर ध्यान दिलाते हैं। शोध में 40 से 70 साल उम्र के 994 लोगों को शामिल किया गया था।



# ऑस्टियो अर्थराइटिस ऐसे आएगा काबू में

अर्थराइटिस का आशय जोड़ों की सूजन से होता है। इसलिए ऐसी किसी बीमारी जिसके कारण जोड़ों में सूजन, दर्द और तनाव आदि समस्याएं पैदा हो जाती हैं, उन्हें अर्थराइटिस कहा जाता है। अगर ऐसी समस्या बार-बार होती है या बहुत समय तक रहती है, तो यह जोड़ों के कार्टिलेज, हड्डियों और समीप के टिश्यू को क्षति पहुंचाती है और दर्द के कारण व्यक्ति की जीवन-शैली पर सीधा प्रभाव डालती है। वैसे तो अर्थराइटिस के अनेक प्रकार हैं, परंतु इनमें सबसे ज्यादा लोग ऑस्टियो अर्थराइटिस से ही प्रभावित होते हैं। क्या है ऑस्टियो-अर्थराइटिस बढ़ती उम्र में ऑस्टियो अर्थराइटिस के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। इस अर्थराइटिस में जोड़ बनाने वाली हड्डियों के ऊपर पायी जाने वाली कार्टिलेज की सतह धीरे-धीरे घिस कर खत्म होती जाती है। घिसी हुई सतह



आपस में एक-दूसरे से रगडऩे लगती है। इस वजह से दर्द और सूजन आदि रहने लगती है। जोड़ों में पाए जाने वाले साइनोवियल फ्लूड या द्रव के क्षीण होने से यह प्रक्रिया और तेज हो जाती है। कुछ जोड़ों पर ज्यादा असर ऑस्टियो-अर्थराइटिस शरीर के किसी जोड़ को प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह ज्यादातर वजन पडऩे वाले जोड़ों जैसे घुटने और कूल्हे को सबसे अधिक प्रभावित करता है। ऑस्टियो अर्थराइटिस की चार अवस्थाएं होती हैं और उसके अनुसार ही इलाज होने पर लाभ मिलता है। ऑस्टियो अर्थराइटिस की पहली अवस्था में दवाओं के साथ विस्को सप्लीमेंट का इंजेक्शन लगाया जाता है। रोग की दूसरी अवस्था में दवाओं के साथ दूरबीन विधि (आर्थोस्कोपी) के जरिये जोड़ की खुदरी सतह को चिकना बनाया जाता है।

# आईवीएफ शिशु की मां को बीमारियों का खतरा

इस्तांबुल। संतानहीन दंपतियों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तकनीक आईवीएफ का एक दुष्प्रभाव सामने आया है। ताजा शोध में कहा गया है कि आईवीएफ के जरिए मां बनने वाली महिलाओं में पाचन से जुडी गंभीर परेशानियां होने का खतरा ज्यादा रहता है। तुर्की के शोधकर्ताओं ने महिलाओं के दो समूह पर अध्ययन किया। एक समूह में ऐसी महिलाएं थीं, जिन्होंने एक साल पहले प्राकृतिक तरीके से बच्चे को जन्म दिया था, जबकि दूसरे समूह में उन महिलाओं को रखा गया था जिन्होंने आईवीएफ तकनीक से बच्चे को जन्म दिया था। शोध के दौरान दूसरे समूह की महिलाओं में गैस्ट्रो--इसोफेगल रिफ्लक्स डिसीज ([जीओआरडी)] की शिकायत तीन गुना ज्यादा पाई गई। जीओआरडी की स्थिति में पेट में बनने वाला अम्ल भोजननली के जरिए संचरण करने लगता है और सीने में जलन, उल्टी व खाना निगलने में परेशानी पैदा करता है। हालांकि शोधकर्ता इस कारण को नहीं समझ सके हैं कि आईवीएफ तकनीक से मां बनने वाली महिलाओं में इन परेशानियों का कारण क्या है।



# फलों से उम्र के असर को करें बेअसर

नई दिल्ली की चीफ डाइटीशियन डॉक्टर रितिका समाद्दार के अनुसार दिन में एक फल खाने से आपकी त्वचा पर निखार आता है। फलों में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, आयरन, बीटा कैरोटीन और फॉलिक एसिड सरीखे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें बहुत कम मात्रा में कैलोरीज होती है। खट्टे फलों जैसे नीबू, संतरा, कीनू, का सेवन अधिक मात्रा में किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि इनमें विटामिन सी अधिक मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी कोलाजन बनाने में मदद करता है और कोलाजन त्वचा के लिए प्रोटीन बनाता है। ब्लूबेरी, ब्लैकबेरीज, चेरी, लाल और बैंगनी रंग के अंगूर और बैंगनी गोभी में एंटीऑक्सीडेंट्स अधिक मात्रा में होते हैं। इन फलों को खाने से से झुर्रियां कम दिखती हैं। आड़ू और खुबानी में आवश्यक एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो वृद्धावस्था की प्रक्रिया का मुकाबला करने में सक्षम होते हैं। जितना हो सके मौसमी सेब खाएं क्योंकि यह कोलाजन के निर्माण में मदद करता है। कोलाजन के बनने में त्वचा में लचीलापन बना रहता है और झुर्रियां देर से पड़ती हैं।





# ट्विंकल खन्ना ने अपने टैलेंट को दुनिया के सामने किया पेश

बॉलीवुड अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने अपने टैलेंट को दुनिया के सामने पेश किया हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, ?जिसमें वह खुद से तैयार की गई कढ़ाई वाले काम फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने यह तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की, ?जिसमें वह सफेद शर्ट में दिखाई दे रही हैं। शर्ट में उनके द्वारा की गई कढ़ाई नजर आ रही है। शेयर तस्वीर को उन्होंने कैप्शन देते हुए लिखा ?कि ÷किसी ऐसी चीज को पहनने की खुशी, जिसकी कढ़ाई आपने खुद की हो।



# भूमि ने की धमाकेदार अंदाज में नए साल की शुरुआत

**मुंबई ।** एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने नए साल की शुरुआत में ?फिल्म ÷बधाई दो÷ की शू?टिंग शुरु कर दी है। भू?मि के इस धमाकेदार अंदाज की खूब सरहना हो रही है। इस ?फिल्म की शू?टिंग के ?लिए देहरादून रवाना हो चुकी हैं। उनकी नजरों में साल के पहले ही दिन काम करना अच्छा अहसास है। उन्होंने बताया ?कि मैंने एक जनवरी को बधाई दो की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे बेहतर शुरुआत नहीं हो सकती। एक्ट्रेस ने बताया ?कि पहले ही दिन यूं काम पर जाना उन्हें काफी उत्साहित कर रहा है। वे अपनी बधाई दो की पूरी टीम से मिलने के लिए एक्साइटेड हैं। उन्हें इस बात की भी खुशी है कि वे अब मुंबई के बाहर भी कदम रख पाएंगी। भूमि ने कहा ?कि देहरादून उनके दिल के काफी करीब है। उन्होंने कई साल पहले दम लगाके हईशा की शूटिंग यहां पर की थी। अब वे बधाई दो की पूरी शूटिंग भी इन पहाड़ों के बीच करने जा रही हैं। बता दें ?कि भूमि पेडनेकर साल 2020 में कई फिल्मों में नजर आई हैं। पिछली बार वे फिल्म दुर्गामती में नजर आईं। इस फिल्म को निगेटिव फीडबैक मिला और दर्शकों ने भी इसे सिरे से खारिज कर दिया। इसके अलावा भूमि ने %डॉली-किट्टी और वो चमकते सितारे% में भी काम किया। फिल्म को रिव्यू जरूर मिक्स मिले, लेकिन फैन्स को एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस बढ़िया लगी।

# नए साल पर अपनी अलमारी साफ करती नजर आई कंगना,फोटो की शेयर

**नई दिल्ली ।** फिल्म अभिनेत्री कंगना रनोट ने नए वर्ष के अवसर पर अपनी वार्डरोब की तस्वीरें शेयर की हैद्य इन तस्वीरों में अपनी अलमारी साफ करती नजर आ रही हैं। इस मौके पर उनके कई जूते जमीन पर रखे दिखाई दे रहे हैं। अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि नया वर्ष शुरू होने से पहले वह अपने आलमारी की सफाई करना चाहती हैं। इस दौरान उन्होंने अपने आपको उनका गुलाम भी बताया है। कंगना की एक फोटो में इसमें उनके जूतों के अलावा कपड़े भी नजर आ रहे हैं, जोकि हैंगर में लगे हुए हैं। कंगना ने लिखा कि घर पर होने के साथ-साथ वह आलमारी की साफ-सफाई भी कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो चीजें उनकी होती है, वह उन चीजों की हो जाती हैं। कंगना ने लिखा ?कि %जब से मैं आई हूं। मैं सिर्फ सफाई कर रही हूं। यह जो कहावत है कि जो आपका होता है, आप उसके हो जाते हैं। मुझे लगता है मैं मेरी चीजों की गुलाम हूं।



# पिछड़ा वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, यह सुनिश्चित हो

## पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री पटेल ने की योजनाओं की समीक्षा

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ वर्ग के समग्र विकास के लिये अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की हैं। योजनाओं का लाभ इन वर्गों तक समय पर पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री श्री पटेल गुरुवार को पन्ना में जिलाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पिछड़ा वर्ग राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत बनाये जाने वाले शौचालयों के लिये बजट से 50 प्रतिशत निर्माण कार्य एवं 50 प्रतिशत की राशि पानी की उपलब्धता पर खर्च की जाये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये जाने वाले सार्वजनिक शौचालयों के रख-रखाव के लिये एक व्यक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कहा।



उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में सार्वजनिक रूप से डोंडी पिटवाकर आमसभा बुलाई जाये और आमसभा में प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं का वाचन किया जाये। उन्होंने कहा कि जिले में जल्द ही नवीन छात्रावास शुरू किया जायेगा। जिन विद्यार्थियों को छात्रावास में स्थानाभाव के कारण प्रवेश नहीं मिल सका है, उन्हें छात्रगृह योजना का लाभ दिया जायेगा। कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में पिछड़ा वर्ग के 3332 विद्यार्थियों को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरित की जा चुकी है। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों को स्व-रोजगार उपलब्ध कराने के लिये 170 आवेदन बैंकों को भेजे गये हैं। बैठक में बताया गया कि विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ जनजाति वर्ग के लिये पन्ना विकासखण्ड में एक-एक बालक एवं कन्या छात्रावास और शाहनगर विकासखण्ड में एक कन्या छात्रावास प्रस्तावित है। इनके लिये भूमि का चयन कर लिया गया है। जिन पात्र व्यक्तियों के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में छूट गये हैं, उन्हें आवास प्लस में शामिल कर लिया गया है।

# ट्राइब्स इंडिया के "आदि महोत्सव" में मध्यप्रदेश की जनजातीय कला और संस्कृति की झलक

भोपाल। ट्राइब्स इंडिया द्वारा दिल्ली हाट में आयोजित आदि महोत्सव में मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय कला और संस्कृति आ र्षक का केन्द्र बने हुये हैं।आदि महोत्सव में मध्यप्रदेश की जनजातियों द्वारा लगभग एक दर्जन पंडाल लगाये गये है, जिनमें अशोकनगर की सहरिया जनजाति के चन्देरी वस्त्र, धार की भिलाला जनजाति के बाघप्रिंट, खरगोन जिले के भिलाला जनजाति के महेश्वरी वस्त्र, डिंडोरी जिले के अगरिया जनजाति का लोहे की कला-कृतियाँ, झाबुआ के भील जनजाति की झाबुआ गुड़ियाँ और मोती के आभूषण प्रर्दशनी में मुख्य आकर्षण हैं। महोत्सव में सिहोर के वनोपज उत्पाद तथा सतना के जैविक उत्पाद के पंडाल भी लगाये गये है। उमरिया जिले के बैगा और भोपाल से आये परधान गौड़ चित्रकारों द्वारा अपनी पारम्परिक चित्रकला का सजीव प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत् भारतीय आदिवासी सहकारी विपणन विकास संघ के तत्वाधान में आयोजित %आदि महोत्सव'' एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 2017 में शुरू किया गया था। 15 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में 200 से अधिक स्टॉल के माध्यम से आदिवासी हस्तशिल्प, कला, चित्रकारी, वस्त्र और आभूषणों का प्रदर्शनी के साथ-साथ बिक्री की भी सुविधा है। महोत्सव में देश भर से लगभग एक हजार आदिवासी एवं कारीगर भाग ले रहे हैं।

## प्रदेश में शिवराज सरकार चला रही ट्रांसफर इंडस्ट्री और एनसिलरी इकाईयां

# उधार लेकर शिवराज सरकार सिर्फ विज्ञापनों में चला रही माफिया के खिलाफ अभियान : जीतू पटवारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व मीडिया प्रभारी जीतू पटवारी ने मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार को विज्ञापन की सरकार बताया है। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार का माफिया अभियान सिर्फ विज्ञापनों में ही चल रहा है। जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि जिस माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान अभियान चलाने की बात कह रहे है वह माफिया भाजपा के 15 साल के शासन काल में ही पनपा है। उन्होंने कहा कि जिस माफिया को मुख्यमंत्री खत्म करने की बात कह रहे है, वह माफिया आए दिन वनकर्मियों और पुलिसकर्मियों पर हमले कर रहा है उनके उपर गोलिया चला रहा है और उनकी हत्या कर रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि रेत माफिया खुले आम सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों पर हमला कर रहा है। यही नहीं शिवराज सरकार के मंत्री ओपीएस भदौरिया के मेहगांव स्थित आवास पर रेत माफिया ने बेखौफ गोलियां चलाई हैं। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के क्षेत्र दतिया में रेत माफिया द्वारा औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान की गोली मारकर हत्या कर देना, ग्वालियर के पुरानी छावनी पुलिस थाने की टीआई पर ट्रैक्टर चढाकर पुलिस बल पर गोलियों चलाई गई। यही नहीं श्योपुर में महिला खनिज अधिकारी के साथ मारपीट और जान से मारने की कोशिश की गई। जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में रेत माफिया बेखौफ है लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान कह रहे है कि माफिया को जमीन में गाढ़ देंगे। वही जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार पर ट्रांसफर उद्योग का आरोप लगाने वाले शिवराज सिंह चैहान के शासन में ट्रांसफर इंडस्ट्री ही नहीं उसकी विभागवार एन्सीलरी इकाईयों भी चल रही हैं। जहाँ प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस विभाग में थोकबंद तबादले किए जा रहे है जिसकी एक इकाई मुख्यमंत्री निवास है, जहाँ से कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण किए जा रहे है। उन्होंने सिससिलेबार स्थानांतरण की लिस्ट दिखाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में ट्रांसफर का काम रात दिन तीन पालियों में चल रहा है। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने कहा कि आसंवैधानिक तरीके से प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई शिवराज सरकार बाजार से लगातार कर्ज लेकर प्रदेश को कर्जदार बना रही है। जीतू पटवारी ने कहा कि मौजूदा वक्त में मध्य प्रदेश सरकार पर 32,630 करोड़ का कर्ज हो चुका है। अब एक बार फिर शिवराज सरकार मार्च 2021 तक 1373 करोड़ का कर्ज उठायेगी

## बदला मौसम...दिन में गर्मी का एहसास, रात में ठंडक बरकरार

**भोपाल ।** फरवरी के डेढ़ सप्ताह बीत जाने के बाद मौसम के मिजाज में धीरे-धीरे बदलाव हो रहा है। वसंत पंचमी से पहले आसमान में हलके बादल के आसार हैं, जिससे कि गर्मी का एहसास बना रहेगा। वहीं 1 सप्ताह के बाद उत्तरी हवाएं जाते-जाते मौसम में आखिरी ठंडक घोल सकती हैं। प्रदेश में दिन का मौसम गर्म एहसास करा रहा है। तापमान की बात करें तो इंदौर में सामान्य तापमान 30 डिग्री के पार जा रहा है, वहीं रात का तापमान 12 डिग्री के करीब होने से रात में ठंड का एहसास बरकरार है। आने वाले 2 दिनों में आसमान में बादल छाने के आसार लग रहे हैं, जिससे कि तापमान में वृद्धि हो सकती है। वहीं वसंत पंचमी के करीब उत्तरी हवाएं सक्रिय होने की संभावना है। इससे मौसम में हलकी ठंडक का एहसास होगा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस मौसम की आखिरी गुनगुनी ठंडक 1 सप्ताह के अंदर मालवा में दस्तक दे सकती है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में मौसम ठंडा होने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। दरअसल ठंडक रहने से गेहूं, चना, मटर, आलू और दूसरी फसलों को सामान्य तापमान मिल रहा है।

## ट्रेनों में यात्रा की अनुमति देने की कर रहे हैं मांग

# अप-डाउनर्स को नहीं मिली ट्रेनों में यात्रा की अनुमति



**भोपाल।** प्रदेश से होकर गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में अप-डाउनर्स को यात्रा करने की अनुम?ति नहीं ?मिल रही है, इससे ये यात्री परेशान है। लॉकडाउन के बाद अब देश में 70 फीसद यात्री ट्रेनें फिर से शुरु हो गई हैं, लेकिन अब भी इनमें रोज अप-डाउन करने वालों को यात्रा करने की अनुमति नहीं ?मिल रही है। इससे इन लोगों नाराजगी व्याप्त है। गौरतलब है कि ये लोग कोरोना संक्रमण से पहले तक मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) लेकर एक से दूसरे स्टेशनों के बीच ट्रेनों में सफर करते थे। अकेले भोपाल रेल मंडल में ही रोजाना अप-डाउन करने वाले ऐसे 28,132 यात्री थे। प्रदेश के जबलपुर, रतलाम मंडल को मिलाकर यह संख्या एक लाख से अधिक है। ऐसे लोग अब बस, टैक्सी और निजी साधनों पर निर्भर हैं, जिसमें अधिक खर्चा आ रहा है। 50 फीसद अप-डाउनर्स तो आना-जाना बंद कर कामकाज वाले स्थानों पर किराए से कमरा या मकान लेकर रहने लगे हैं। कुछ समूह में वाहन किराए से लेकर आना-जाना कर रहे हैं। इनमें नौकरी-पेशा, छात्र, फुटकर व्यापारी, किसान समेत सभी वर्गों के लोग शामिल हैं। विदिशा अप-डाउनर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के अप-डाउनर्स को ट्रेनों में यात्रा की अनुमति देने की मांग की है। एसोसिएशन की तरफ से रेलमंत्री पीयूष गोयल और भोपाल रेल मंडल के डीआरएम उदय बोरवणकर को ट्वीट किया गया है। ? विदिशा के अपडाउनर्स हेमराज साहू का कहना है ?कि 450 रुपये में एक महीने की सुपरफास्ट ट्रेन में एमएसटी बनाकर रोज भोपाल आता-जाता था। 40 मिनट लगते थे। अब बस से जाने के 70 और आने के 70 रुपये दे रहा हूं। दो घंटे लगते हैं। किराने के व्यवसाय में जितनी बचत नहीं हो रही है उससे अधिक खर्च हो रहा है। इटारसी के योगेश भाटी का कहना है ?कि एक्सप्रेस ट्रेन की एमएसटी के महीने में 270 रुपये लगते थे। होशंगाबाद से भोपाल आने सवा घंटे लगते थे। बस से आने-जाने के 160 रुपये देने पड़ रहे हैं। समय भी दो घंटे लग रहा है। बहुत नुकसान हो गया है। परिवार भोपाल में रहता है, नौकरी इटारसी में है। एमएसटी सुविधा बंद है, इसलिए परिवार को छोड़कर किराए से होशंगाबाद में रहता हूं।

# मप्र में हर रोज एक लव जिहादः 23 दिन में लव जिहाद के 23 मामले दर्ज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लव जिहाद के विरोध में बनाए गए नए स्वातंर्त्य अधिनियम 2020 के तहत सिर्फ 23 दिन में ही 23 मामले दर्ज किए गए हैं। ये मामले 9 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सामने आए। यानी हर दिर प्रदेश में एक एफआईआर। सबसे ज्यादा मामले भोपाल संभाग में सामने आए, जहां इस दौरान 7 अपराध दर्ज किए गए। जबकि इंदौर संभाग में 5 मामले रहे। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि देश को कमजोर करने के लिए लव जिहाद का सहारा लिया जा रहा है। इसके लिए देश विरोधी ताकत काम कर रही हैं। जनवरी में दर्ज मामले इस बात को साबित करने के लिए काफी हैं। मिश्रा ने बताया कि धर्म स्वातंर्त्य कानून के तहत भोपाल और इंदौर के अलावा जबलपुर संभाग में 4, रीवा संभाग में 4 और ग्वालियर संभाग में 3 अपराध दर्ज किए गए हैं। हम पहले से ही कहते थे कि यह एक गंभीर विषय है। यह बड़े पैमाने पर प्रदेश के अंदर है। उन्होंने कहा कि यह मेरा अधिकार क्षेत्र नहीं है, लेकिन देश के अंदर इस तरह के काफी लोग और ताकतें



सक्रिय हैं। जिन पर अंकुश के लिए प्रदेश में पहल की है। यह तो सिर्फ एक महीने के आंकड़े हैं।

### प्रदेश में 9 जनवरी को लागू हुआ

मध्यप्रदेश में धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम 2020 का अध्यादेश 9 जनवरी शाम 5 बजे से यह प्रदेश में लागू हो गया। सरकार द्वारा इसका नोटिफिकेशन जारी कर उसकी प्रति प्रदेश के सभी कलेक्टर को भेजी जा चुकी है। हालांकि इसे 6 महीने में विधानसभा से पास कराना होगा। इससे पहले यह कानून उत्तर प्रदेश में भी अधिनियम के माध्यम से लागू किया जा चुका है।

### कहां कितने मामले

भोपाल संभाग में 7, इंदौर संभाग में 5, जबलपुर संभाग में 4, रीवा संभाग में 4, ग्वालियर संभाग में 3

# मौनी अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़

**जबलपुर।** गुरुवार 11 फरवरी को मौनी (माघी) पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और नर्मदा में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। ठंड एवं शीतलहर के बावजूद तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं का नर्मदा तटों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर डुबकी लगाई। ज्योतिषियों के मुताबिक मौनी अमावस्या पर धर्मावलंबियों में खासा उत्साह रहा। पंडितों के अनुसार माघ में पड़ने के कारण इसे माघी अमावस्या भी कहते हैं। मौनी अमावस्या को मौन व्रत रखने का अपना अलग ही महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और नर्मदा का स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करने का भी विधान है। महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ इस विधान को पूरा किया। मान्यतानुसार पीपल के वृक्ष में 36 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। अमावस्या पर पूजन से सभी मन्नतें पूरी होती हैं। इस वर्ष मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नर्मदा के पावन तटों पर स्नान किया। जबलपुर नर्मदा का पावन तट है, यहां ग्वारीघाट, भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट और तिलवाराघाट में भी स्नानार्थियों का मेला लगा रहा। ब्रम्ह मुहूर्त में स्नान करने वालों की संख्या भी बहुतायत में रही। सुबह 4 बजे से नर्मदा तट पर स्नान करने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। ज्यों-ज्यों दिन चढ़ता गया, स्नानार्थियों की भीड़ भी बढ़ती गई।

# एक अप्रैल से बंद होंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

## अब ऑनलाइन ही जमा होंगे बिल

**भोपाल।** आगामी एक अप्रैल से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कैश काउंटर (बिल भुगतान केंद्र) बंद करने जा रही है। विद्युत उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से ऑनलाइन ही बिल जमा करना होंगे। ऑनलाइन बिल जमा करने को प्रोत्सा?हित करने ए विद्युत वितरण कंपनी प्रत्येक भुगतान पर पांच से 20 रुपये तक छूट भी देगी। कंपनी मीटर रीडर के माध्यम से बिल भुगतान राशि संग्रहण पर भी विचार कर रही है। कंपनी ने एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, एटीपी मशीन, कंपनी के पोर्टल सहित ऑनलाइन भुगतान के लिए बाजार में मौजूद अन्य विकल्प भी उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा चिह्नित स्थानों पर चयनित एजेंसियों




को ऑनलाइन भुगतान के लिए अधिकृत किया जा रहा है। कंपनी ऑनलाइन भुगतान के अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रही है। कंपनी ने साफ कहा है कि फरवरी और मार्च माह में मीटर रीडर को बिजली बिल भुगतान के लिए अधिकृत नहीं किया है, इसलिए इन महीनों में मीटर रीडर को बिल का भुगतान न करें। ऐसा कोई व्यक्ति बिल राशि लेने आए तो बिजली कंपनी का आइडी कार्ड मांगें और उसका फोटो खींचकर रखें।गौरतलब है कि कोरोनाकाल में ऑनलाइन भुगतान का चलन बढ़ गया है। बिल भुगतान केंद्र पर आने वाले उपभोक्ताओं में से ज्यादातर एटीपी मशीन से भुगतान कर रहे हैं। इसे देखते हुए कंपनी ने भुगतान केंद्र बंद करने का निर्णय लिया है। इन केंद्रों पर काम कर रहे कर्मचारियों के पास ज्यादा काम नहीं है और दूसरी जगह कर्मचारियों की कमी है। इसके चलते उपभोक्ताओं को बिजली बिल ऑनलाइन ही जमा करना पड़ेंगे।

# अब नारायण ने पीएम को चिट्ठी लिख की अलग विंध्य प्रदेश की मांग

**भोपाल।** लगातार अलग विंध्य प्रदेश की आवाज उठा रहे मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी एक बार फिर शिवराज सरकार के लिए मुसीबत खड़ी करते नजर आ रहे हैं। इस बार विधायक नारायण त्रिपाठी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर अलग विंध्य प्रदेश बनाने का राग छेड़ा है। बता दें कि नारायण त्रिपाठी को अलग विंध्य प्रदेश की मांग उठाने के कारण प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा तलब भी कर चुके हैं लेकिन फिर भी वो लगातार विंध्य प्रदेश की मांग उठा रहे हैं। विधायक नारायण त्रिपाठी ने पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर अलग विंध्य प्रदेश की मांग उठाई है। अपने पत्र में विधायक ने लिखा है कि छोटे राज्यों के गठन से विकास को स्वाभाविक गति मिलती है। उन्होंने लिखा है कि विंध्य प्रदेश का पहले अलग अस्तित्व था। लेकिन मध्यप्रदेश के गठन के बाद विंध्य प्रदेश का विलय मध्यप्रदेश में कर दिया गया। अब विंध्य क्षेत्र का विकास काफी समय से ठप्प पड़ चुका है। विन्ध क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, प्रशासनिक सुदृढ़ता और मजबूत कानून व्यवस्था के लिए यह बेहद जरूरी है कि यह मध्य प्रदेश से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बने। बता दें कि मैहर विधायक त्रिपाठी बीते कई दिनों से अलग विंध्य प्रदेश की मांग उठा रहे हैं। आंदोलन भी कर चुके हैं और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने ये तक कहा था कि वो अलग विंध्य प्रदेश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देंगे। इतना ही नहीं बार-बार पार्टी लाइन के विपरीत जाकर अलग प्रदेश की मांग उठाने के कारण बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने उन्हें तलब भी किया था लेकिन इसके बाद भी विधायक नारायण त्रिपाठी के तेवर कम नहीं हुए हैं।

# दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही वापसी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

## अक्षर का खेलना तय इंग्लैंड टीम भी बदलावों के साथ उतरेगी, सुबह 9.30 से शुरु होगा मैच



**चेन्नई।** टीम इंडिया शनिवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के साथ ही सीरीज में वापसी के इरादे से उतरेगी। पहले टेस्ट मैच में बल्लेबाजों के नाकाम रहने से भारतीय टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में भारी टीम इस मैच में अपनी पिछली गलतियों से सबक लेकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी। टीम के कप्तान विराट कोहली पर भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दिलाने का दबाव रहेगा। पहले टेस्ट में आर अश्विन के अलावा अन्य भारतीय गेंदबाजों प्रभावी नहीं रहे थे। इस मैच में भारतीय टीम हारी तो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने का उसका सपना भी टूट जाएगा। इस मैच से एक बार फिर मैदान पर दर्शक भी नजर आयेंगे। कोरोना महामारी के कारण अब तक सभी मैच दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में हो रहे थे। इस मैच में स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की वापसी तय है। उन्हें शाहबाज नदीम की जगह शामिल किया जाएगा। नदीम पहले टेस्ट मैच में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित नहीं कर पाये थे। अक्षर गेंदबाजी के साथ ही निचले क्रम पर बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। वहीं चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के चयन की संभावना कम ही लग रही है। टर्निंग पिच पर वह वाशिंगटन सुंदर से बेहतर विकल्प हैं लेकिन बल्लेबाजी को तवज्जो देने पर हरफनमौला हार्दिक पंड्या को उतारा जा सकता है। सुंदर आने वाले समय में बेहतरीन हरफनमौला बन सकते हैं लेकिन अभी वह तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर खेलने के काबिल नहीं हैं। कुलदीप अच्छा विकल्प है लेकिन टीम प्रबंधन लगातार उनकी अनदेखी करता आ रहा है।

दूसरी ओर हार्दिक 10 ओवर डालने के साथ तेजी से रन बनाने में भी माहिर हैं। पहले टेस्ट की हार के बाद टीम प्रबंधन के सामने 2 विकल्प थे। पहला पिच पर घास छोड़ दी जाए और दूसरा घास हटाकर थोड़ा ही पानी डाले ताकि पिच धूप में सूख जाए। ऐसे में यह समय से पहले टूटने लगेगी लेकिन अतीत में ऐसे प्रयोग नाकाम रहे हैं। पुणे में 2017 में टर्निंग पिच पर पहले ही दिन स्टीव स्मिथ ने दबाव बना दिया था। मेजबान टीम को अनुमान नहीं था कि गेंद इतना टर्न लेगी। मुंबई में 2012 में केविन पीटरसन ने ऐसी ही पिच पर 186 रन बनाए थे। दोनों मैचों में विरोधी स्पिनरों ने हालात का पूरा फायदा उठाकर भारत को झटका दिया था। इस मैच में भी टॉस की भूमिका भी अहम होगी और कोहली की नजरें पहले बल्लेबाजी पर लगी होगी। सलामी रोहित शर्मा के साथ ही मध्यक्रम में अजिंक्य रहाणे को भी बड़ी पारी खेलनी होगी।कोहली के साथ दूसरे छोर पर चेतेश्वर पुजारा और ऋषभ पंत को बड़ी पारी खेलनी होगी तभी टीम को जीत मिल सकती है। दूसरी ओर इंग्लैंड टीम पहले टेस्ट में मिली जीत से बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। टीम के कप्तान जो रुट इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। इस मैच में मेहमान टीम बदलावों के साथ नजर आयेगी। टीम में जोस बटलर की जगह नये विकेटकीपर बेन फोक्स नजर आयेंगे। वहीं तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जगह स्टुअर्ट ब्रॉड को जगह मिल सकती है। एंडरसन को टीम आराम देने पर विचार कर रही है। इसके अलावा स्पिनर मोईन अली को भी डोम बेस की जगह टीम में शामिल किया गया है।

कोहनी की चोट के कारण तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर टीम से बाहर हैं जिनकी जगह गेंदबाजी हरफनमौला क्रिस वोक्स को जगह मिलेगी। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने कहा है कि आर्चर का नहीं खेलना झटका है पर उम्मीद है कि वह तीसरे टेस्ट तक फिट हो जाएगा।

दोनो टीमें इस प्रकार हैं: भारत : विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, ईशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, रिधिमान साहा, शारदुल ठाकुर ।

इंग्लैंड : जो रूट (कप्तान), डोमिनिक सिब्ली, रोरी बर्न्स, ओली पोप, डैन लारेंस, बेन स्टोक्स, बेन फोक्स, मोईन अली, क्रिस वोक्स ,स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच, ओली स्टोन।

# आईपीएल के 14 वें सत्र में बदलावों के साथ नजर आयेगी किंग्स इलेवन पंजाब




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2021 के इस 14 वें सत्र में किंग्स इलेवन पंजाब बदलावों के साथ ही नये नाम और लोगो के साथ नजर आयेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रीति जिंटा की ये टीम नाम के साथ-साथ लोगो भी बदलेगी। माना जा रहा है कि आईपीएल नीलामी से पहले ही इस बदलाव की धोषणा होगी। आईपीएल नीलामी 18 फरवरी को चेन्नई में होगी। किंग्स इलेवन पंजाब अपनी टीम का नाम और लोगो क्यों बदल रही है इसकी कोई पक्की जानकारी नहीं है। ये टीम कभी आईपीएल नहीं जीती है। इस टीम की कप्तानी लोकेश राहुल के हाथों में है। साथ ही मुख्य कोच अनिल कुंबले हैं लेकिन फिर भी आईपीएल 2020 में ये टीम लीग स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाई। आईपीएल 2021 से पहले किंग्स इलेवन पंजाब ने ग्लेन मैक्सवेल को रीटेन नहीं किया है। रिटेन खिलाड़ी- केएल राहुल, क्रिस गेल, मयंक अग्रवाल, निकोल?स पूरन, मनदीप सिंह, सरफराज खान, दीपक हुड्डा, प्रभसिमरन सिंह, मोहम्मद शमी, क्रिस जॉर्डन, दर्शन नलकांदे, रवि बिश्नोई, मुरुगन अश्विन, अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार, इशान पोरेल. रिलीज खिलाड़ीः ग्लेन मैक्सवेल, शेल?डन कॉटरेल, करुण नायर, हार्डस विलॉइन, जगदीश सुचित, मुजीब उर रहमान, जिमी नीशाम, कृष्?णा गौतम, तजिन्?दर सिंह

# ऑस्ट्रेलिया ओपन : केनिन हारी, बार्टी तीसरे दौर में पहुंची



**मेलबर्न ।** अमेरिका की सोफिया केनिन ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे ही दौर में हार के साथ ही बाहर हो गयी है। केनिन को महिला एकल में केया कानेपी ने 3-6, 2-6 से हराया। वहीं पहले दौर में जीत के बाद ही केनिन ने कहा था कि पहली बार ग्रैंडस्लैम में खेलते समय वह घबरायी हुई थीं और यह इस मैच में भी नजर आया। वहीं 65वीं रैंकिंग वाली कानेपी का यह सातवां ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एक अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त एशले बार्टी ने ऑस्ट्रेलिया की ही डारिया गावरिलोवा को 6-1, 7-6 से पराजित किया। इसके अलावा दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा ने अमेरिका की डेनियेले कोलिंस को 7-5, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की शेल्बी रोजर्स ने क्वालीफायर ओल्गा डानिलोविच को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनायी

### मुंबई सिटी के ह्यूगो को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा के इस्तेमाल के लिए मुंबई सिटी एफसी की ओर से खेल रहे मोरक्को के फुटबॉलर ह्यूगो बोमस को कारण बताओ नोटिस दिया है। आठ फरवरी को गोवा के खिलाफ हुए मैच के दौरान यह घटना हुई थी। यह मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा था। आईएसएल ने अपने एक बयान में कहा, ''उस मैच में ह्यूगो को खेल दोबारा शुरू करने में देरी के लिए इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में सत्र का चौथा पीला कार्ड दिखाया गया था। इसके एक मिनट बाद ही नियुक्त किए गए मैच अधिकारियों के प्रति ह्यूगो ने आक्रामक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जिसपर उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया।



स्पेन में कोपा डेल रे फुटबॉल के सेमीफाइनल में फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के लियोनना मेसी किक लगाते हुए।

# गैलेक्सी एमए30एस को मिला ऐंड्रॉयड 11 अपडेट



**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन बनाने वाली कोरियाई कंपनी सैमसंग ने गैलेक्सी एम सीरीज के अपने पॉप्युलर स्मार्टफोन गैलेक्सी एम30एस के लिए ऐंड्रॉयड 11 पर बेस्ड वन यूआई 3.0 अपडेट रोलआउट कर दिया है। इस अपडेट के साथ कंपनी डिवाइसेज को फरवरी 2021 का सिक्यॉरिटी पैच भी दे रही है। नए अपडेट में चैट बबल्स, बेहतर नोटिफिकेशन और वन-टाइम परमिशन जैसे फीचर शामिल हैं। कंपनी इस अपडेट को बैचेज में रिलीज कर रही है और आने वाले कुछ दिनों में यह सभी गैलेक्सी एम30एस डिवाइसेज तक पहुंच जाएगा। फोन में 2340×1080 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 6.4 इंच का फुल एचडी+ इनफिनिटी-यू सुपर अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। प्रोसेसर के तौर पर फोन में एक्सीनोस 9611 10 एनएम चिपसेट दिया गया है। फोन 6जीबी रैम और 128जीबी तक के इंटरनल स्टोरेज से लैस है।वहीं, सेल्फी के लिए इस फोन में आपको 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिलेगा।

### इंडियन गैस एक्सचेंज में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई इंडियन गैस एक्सचेंज यानी आईजीएक्स में कम से कम 26 फीसदी हिस्सा खरीदने की तैयारी में है। इससे पहले, इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने कहा था कि गेल इंडिया ने इंडियन गैस एक्सचेंज में 5 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। पिछले महीने अडाणी टोटल गैस, टोरेंट गैस ने आईजीएक्स में 5-5 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। इंडियन गैस एक्सचेंज देश का पहला ऑथराइज्ड गैस एक्सचेंज है और इंडियन एनर्जी एक्सचेंज का हिस्सा है। आईजीएक्स एक गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है, जिसकी शुरुआत आईईएक्स ने 15 जून 2020 को की और दिसंबर 2020 से एक गैस एक्सचेंज के तौर पर काम कर रहा है। आईजीएक्स को पीएनजीआरबी से गैस एक्सचेंज रेगुलेशन 2020 के तहत मान्यता हासिल है। सूत्रों के मुताबिक, एनएसई के बोर्ड ने इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी है और इस संदर्भ में मार्केट रेगुलेटर सेबी में आवेदन भी दाखिल कर दिया है। डील को पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड से भी हरी झंडी मिल गई है। यह डील काफी एडवांस स्टेज में है। आईजीएक्स से जुड़े अधिकारी ने इसकी जानकारी दी कि एनएसई की शुरुआती योजना खुद अपना एक गैस एक्सचेंज स्थापित करने की थी।

# आसमान छूती पेट्रोल-डीजल की कीमतें और बढ़ाएंगी महंगाई का ग्राफ

**नई दिल्ली ।** बढ़ती मंहगाई ने देश के आम नागरिक की जीना दूभर कर दिया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण भी ऐसा हुआ हैं। जबति पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ईंधन की कीमतें अब तक के उच्च स्तर पर होने का झूठा प्रचार किया जा रहा है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें एक अंतरराष्ट्रीय मूल्य प्रणाली के तहत नियंत्रित होती हैं। उन्होंने राज्यसभा में बताया कि पिछले 300 दिनों में करीब 60 दिन तेल कीमतों में वृद्धि हुई है। पेट्रोलियम मंत्री ने एक तरह से संकेत दे दिया कि सरकार फ्यूल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती नहीं करेगी। ऐसे में महंगाई बढ़ने का अंदेशा है। धर्मेन्द्र प्रधान का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने अंतरराष्ट्रीय उत्पाद की कीमतों और बाजार की अन्य स्थितियों के अनुसार पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लिया है। तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में परिवर्तन और रुपये की विनिमय दर के अनुरूप पेट्रोल और डीजल की कीमतों में केवल वृद्धि ही नहीं की बल्कि कमी भी की है। करीब 250 दिनों तक हमने कीमतों




में वृद्धि या कमी नहीं की है। इसलिए, यह मिथ्या प्रचार है कि तेल कीमतें अब तक के सबसे उच्च स्तर पर है। प्रधान का कहना है कि केंद्र ने उत्पाद शुल्क बढ़ाया है जबकि राज्यों ने मूल्य वर्धित कर (वैट) में वृद्धि की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कोविड19 महामारी आने के बाद तेजी से गिरीं। अब आर्थिक गतिविधियों में धीरे-धीरे आ रही तेजी और कोरोना वैक्सीन तैयार होने के बाद फ्यूल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भी इजाफा हो रहा है। भारत के क्रूड ऑयल बास्केट की कीमतें नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के दौरान 26 फीसदी बढ़कर 54.79 डॉलर प्रति बैरल हो गईं। विदेश से आयातित होने वाले पेट्रोल-डीजल पर केन्द्र सरकार केन्द्रीय उत्पाद शुल्क लगाती है। उसके बाद राज्य सरकारें इस पर वैट लगाती हैं। वैट की दर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग रहती है। केन्द्र सरकार को रेवेन्यु का एक बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, विशेषकर पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क से हासिल होता है। बजट 2021-22 में सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर शुल्क में कटौती की घोषणा नहीं की। इसके बजाय स्पेशल एक्साइज ड्यूटी को एग्रीकल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस के तहत शिफ्ट कर दिया। पेट्रोल पर यह सेस 2.5 फीसदी और डीजल पर 0.4 फीसदी रखा गया है। चूंकि पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धीरे-धीरे बढ़ रही हैं, इसलिए देश के अंदर भी कीमतें बढ़ेंगी, फिर भले ही टैक्स रेट अपरिवर्तित रहे। विकसित देशों में वैक्सिनेशन से अगर कोविड19 इन्फेक्शन की संख्या घटी तो तेल की मांग और कीमत में बढ़ोतरी होगी। तेल कीमतों और महंगाई का गहरा संबंध है।



पुष्पांजली टुडे
ग्वालियर, शनिवार 13 फरवरी 2021



# बरसात से पहले जल संवर्धन के कार्य प्रमुखता से करायें जायें- कलेक्टर

## ग्रामीण अंचल में पहुंच कर लिया जल संरचनाओं का जायजा

**ग्वालियर।** बरसात के पहले जल संरक्षण व संवर्धन के काम प्रमुखता से हाथ में लिये जायें, काम ऐसे हों जिनसे जरूरतमंदों को रोजगार भी मिले। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जनपद पंचायत मुरार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये। श्री सिंह ने गुरूवार को जनपद पंचायत मुरार के अंतर्गत राहुली व बेहट ग्राम पंचायत सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम राहुली में मनरेगा के तहत 43 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन तालाब का जायजा लिया । साथ ही तालब पर काम कर रहे श्रमिकों से चर्चा भी की। उन्होंने इस क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतों में भी प्रमुखता के साथ जल संरचनाऐं बनाने के लिए कहा। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत बनाई जा रही सभी जल संरचनाओं में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये जिससे वर्षा की एक-एक बूंद सहेजी जा सके। उन्होंने इस अवसर पर यह भी निर्देश दिए कि



आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर ग्रामीण अंचल में अभी से पेयजल की उपलब्धता के लिए पर्याप्त इंतजाम किये जायें। बंद नल-जल योजनाओं को अभियान बतौर चालू करायें साथ ही हैंडपंपों का संधारण भी तेजी से किया जाए। जनपद पंचायत मुरार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भ्रमण के दौरान कलेक्टर के साथ थे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह संगीत सम्राट तानसेन की साधना एवं जन्म स्थली बेहट भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तानसेन की साधना स्थली के सौंदर्यकरण के लिए कराये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि तानसेन साधना स्थली पर हर महीने संगीत सभाओं के आयोजन की व्यवस्था करें। यहां पर नाइट सफारी की संभावनाऐं तलासने के लिए भी उन्होंने कहा । साथ ही झिलमिल नदी के किनारे स्थित पहाड़ियों पर 8 से 10 किलोमीटर का ट्रेकिंग रूट चिन्हित करने के लिए भी कहा जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिले। कलेक्टर ने झिलमिल नदी के किनारे स्थित तानसेन की साधना स्थली की सभी चीजों को व्यवस्थित करने पर भी विशेष जोर दिया।

## ग्वालियर जिले की छः सड़कों सहित प्रदेश की 20 ग्रामीण सड़कें अब होगीं मुख्य जिला सड़क

**ग्वालियर।** स्थानीय जन-प्रतिनिधियों और निवासियों की मांग पर प्रदेश की 20 ग्रामीण सड़कों को मुख्य जिला सड़कों में सम्मिलित किया गया है। इन सड़कों के निर्माण और रख-रखाव की जिम्मेदारी आत्म निर्भर मध्यप्रदेश के मुख्य बिंदुओं के तहत प्रदेश की सुदृढ़ अधोसंरचना विकास राज्य शासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की मांग पर ग्वालियर जिले की 6 ग्रामीण सड़कें एवं श्योपुर जिले की 3 सड़कें मुख्य जिला सड़कों में शामिल की गई हैं। इनके अलावा उज्जैन संभाग की 7 सड़कें, भोपाल संभाग में बैतूल जिले की 2 सड़कें तथा होशंगाबाद और बालाघाट जिले की एक-एक ग्रामीण सड़क अब मुख्य जिला सड़कों में तब्दील होगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने स्व-सहायता समूहों

# स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की विक्री के लिए हाट बाजार में नियमित रूप से लगेंगे मेले



**ग्वालियर।** स्व-सहायता समूहों की सामग्री की विक्री के लिए फूलबाग स्थित संभागीय हाट-बजार में नियमित रूप से मेले लगाये जायेंगे। साथ ही समूहों के उत्पादों के प्रति विश्वसनीयता एवं शुद्धता कायम करने के लिए एगमार्क ट्रेड दिलाने के प्रयास भी किये जायेंगे। यह बात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों से जुडी महिलाओं से चर्चा के दौरान कही। सी.ई.ओ शुक्रवार को जिले के घाटीगांव विकासखण्ड के गांवों में भ्रमण पर पहुंचे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भ्रमण के दौरान ग्राम सिमरिया टांका में खेत तालाब व सामुदायिक स्वच्छता परिसर सहित अन्य निर्माण कार्य देखे। साथ ही ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्यायें व कठिनाईयां भी सुनी। सीईओ घाटीगांव के शासकीय हाईस्कूल में बने किचिन गार्डन का जायजा लिया। और छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने के लिए कहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे कम से कम एक-एक पौधा लगायें और उसकी देख-भाल भी करें। भ्रमण के दौरान उन्हेंने ग्राम आरोन के बकरी प्रजनन केन्द्र देखा और गौशाला के लिए चिन्हित जमीन का जायजा लिया। इसी कडी में रानीघाटी गौ-शाला के समीप बनाये गये चैक डेम व अन्य निर्माण कार्यों का भी उन्होंने निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे।

## अमानक पाए गए उर्वरक के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

**ग्वालियर।** डीएपी उर्वरक का नमूना अमानक पाए जाने पर संबंधित लॉट, बैच स्कंध का क्रय, विक्रय, भंडारण एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। अनुज्ञापन अधिकारी (उर्वरक) एवं उप संचालक कृषि डॉ. आनंद बडौनिया ने इस आशय का आदेश जारी किया है। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कृषि विभाग के अमले द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति घरसौंदी से इंडियन फार्मस फर्टिलाइजर कॉर्पोरेटिव लिमिटेड द्वारा प्रदत्त डीएपी उर्वरक का नमूना लिया गया था। भोपाल स्थित प्रयोगशाला में इस नमूने की जांच कराई गई, जिसमें यह नमूना अमानक पाया गया है।

# सेवा कार्य ही हमारे कार्य का आधार है : माखीजानी

**ग्वालियर।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थान सिम्स हॉस्पिटल के द्वारा आयुष्मान योजना के अन्तर्गत निशुल्क मल्टी स्पेशिलि टी स्वास्थय शिविर का आयोजन शुक्रवार 12 फरवरी को गोवर्धनाथ धर्मशाला कसेरा ओली सराफा बाजार में किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति हमेशा ही सेवा की रही है। जन सेवा ही हमारे कार्य का आधार है। राजनीति में हमारा उद्देश्य सेवा का है। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विवेक जोशी ने कहा स्वस्थ्य रहना आज की



भागम भाग भरे जीवन में बहुत कठिन किन्तु बहुत आवश्यक बात है। येसे शिविर हमे स्वस्थ्य रखने में बहुत उपयोगी सिद्ध होते है उन्होंने कर्यक्रम संयोजक गौरव वाजपेई की तारीफ की यह शिविर भारतीय जनता पार्टी वार्ड 43 के युवा नेता गौरव वाजपेयी ने आयोजित किया उन्होंने इस शिविर के आयोजन के पीछे भाजपा की नर सेवा नारायण सेवा की परंपरा के चलते यह आयोजन किया जा रहा है। शिविर 10 बजे से 3 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाए प्राप्त की इस शिविर में सभी पात्र मरीजों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए इस में 175 लोगो ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया और 315 लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही सुगर, बिपी, इको आदि की जांच कराई। इस शिविर में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी , राजेश दुबे भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती कमला सोनी, श्रीमती नीता सिंघल, राजकुमार सोनी, अखिल राजैरिया, महेंद्र सोनी, हीरा सोनी, आदि उपस्थित रहे।।

# सड़क बनने पर जनता ने विधायक डॉ. सिकरवार के संघर्ष की जीत बताया

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के निर्देष पर षहर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी मुरार के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन एवं युवा कॉग्रेस नेता आदित्य सतीष सिंह सिकरवार ने हुरावली से मोहनपुर तक जाने वाली रोड के चल रहे डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यह बता दे कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले हुरावली क्षेत्र में क्षेत्रीय जनता द्वारा काफी लम्बे समय से हुरावली से मोहनपुर तक जाने वाली



सड़क का डामरीकरण करने की मांग की जा रही थी। लेकिन प्रषासन द्वारा आज तक यह डामरीकरण का कार्य षुरू नही किया गया था। विधानसभा उप चुनाव में डॉ. सिकरवार के प्रचार के दौरान वहां की जनता द्वारा इस सड़क के डामरीकरण की मांग की गई थी। जिसके बाद विधायक डॉ. सिकरवार के अथक प्रयासो से दो माह बाद ही इस सड़क के डामरीकरण का कार्य षुरू हो गया। सड़क डामरीकरण कार्य षुरू होने पर क्षेत्रीय जनता ने विधायक डॉ. सिकरवार को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आज इस सड़क के डामरीकरण होने से हम सभी क्षेत्रवासिओं को अहसास हो रहा है कि हमारे क्षेत्र में विकास कार्य षुरू हो चुके है और हमें अपने क्षेत्रीय विधायक डॉ. सिकरवार पर पूरा भरोसा है कि आगे भी क्षेत्र में विकास कार्य होते रहेगें। इस अवसर पर छावनी क्षेत्र के पार्शद अजमेर सिंह राजे, सत्येन्द्र जाट, दाऊ मुद्गल, सुधीर मंडेलिया, बृजेष षुक्ला, विजय जैन मामा, डॉ.कमलेष इंदौरिया, रूपेष दुबे, अनिल षर्मा, प्रतीक जैन, राजेष पाल, केषव यादव, दिनेष ऐषवार, जसवंत यादव, राकेष गुर्जर, अरूण यादव, आदित्य सेंगर, केदार बरादिया, उमेष बरैया, राजेष सोन, चंदन राठौर, विमल षर्मा, अमन लक्षकार, देवेन्द्र पाल, नरेष बंसल, मुकेष चौरसिया, अविनाष गुप्ता, षिवम पचौरी, षिवम कराईया, राजू परिहार, विजय षेजवार, सौरभ, राजकुमार यादव, षुभम राजपूत, असलम खान, विषाल सिंह, राहुल गुर्जर, राम यादव, अनुज राजपूत, साहब सिंह आदि मौजूद रहे।

## 26 फरवरी को भारत व्यापार बंद के समर्थन में दाल बाजार बंद रहेगा व्यापार समिति दाल बाजार ने कैट को दिया समर्थन

**ग्वालियर।** जीएसटी के कडे प्रावधानों को खिलाफ 26 फरवरी को कैट द्वारा घोषित भारत व्यापार बंद के अंतर्गत ग्वालियर का सबसे बडा खाद्य व्यवसाई बाजार, दाल बाजार बंद रहेगा। आज व्यापार समिति दाल बाजार के अध्यक्ष गोकुल बंसल, महासचिव मनीष बांदिल, कोषाध्यक्ष योगेश गोयल, अंकेक्षक श्याम बंसल, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र साहू, कैट दाल बाजार के संयोजक दिलीप पंजवानी से मिलने कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैट मध्यप्रदेश अशोक गोयल, महामंत्री मुकेश जैन सहित अनेक सदस्य दाल बाजार पहुंचे।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि :शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

# स्वच्छता के लिए आगे आएं एनसीसी कैडेट, अपने-अपने क्षेत्र में चलाएं स्वच्छता जागरूकता अभियान: निगमायुक्त

**ग्वालियर।** एनसीसी के कैडेट अनुशासन एवं कर्तव्य पालन में निपुण होते हैं, यदि एनसीसी के कैडेट स्वच्छता जागरूकता अभियान को अपनाकर अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाएं और प्रत्येक कैडेट कम से कम 10- 10 लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करें, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हमारा शहर स्वच्छता में नंबर 1 नहीं आ सकता। उक्त आशय के विचार नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने आज विभिन्न महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेटों द्वारा चलाए गए



स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर आयुक्त नरोत्तम भार्गव, 15 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के सीओ कर्नल अरिंदम मजूमदार, 15 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के एडम आफिसर कर्नल नंदा बल्लभ, पीजीवी कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर मेजर सुनील पाठक, साइंस कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर मेजर अशोक चौहान 15 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर अली खान एवं एनसीसी के मीडिया प्रभारी नेत्रपाल सिंह जादौन सहित विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहे। बाल भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा ने एनसीसी कैडेटों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता जागरूकता अभियान राष्ट हित एवं देश हित के लिए चलाए जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण अभियान है तथा एनसीसी के कैडेटों को इस अभियान में अपनी सहभागिता आगे बढ़कर निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब निगम द्वारा सबसे स्वच्छ मोहल्ला अभियान चलाया जाएगा । जिसके तहत जिस एनसीसी कैडेट का मोहल्ला सबसे ज्यादा स्वागत होगा उसे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा।

## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

**नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478